दस्तावेज़ के साथ 273 टिकट रीडर-कम-ऐड वैल्यू मशीन का आयात किया था और ₹ 21.96 लाख के सीमाशुल्क छूट का लाभ उठाया था।

लेखापरीक्षा संवीक्षा ने दर्शाया (जून 2016) की आयातित माल जैसा कि प्रायोजन प्राधिकरण के अनिवार्यता प्रमाणपत्र में अनुमोदित किया गया, चरण-III परियोजना के स्टेशनों के बजाय चरण-I एवं II परियोजनाओं के स्टेशनों पर संस्थापित की गई थीं। इसके परिणामस्वरूप ₹ 21.96 लाख के शुल्क छूट का अनियमित अनुदान हुआ था। संविदा सीमाशुल्क द्वारा अंतिम रूप देने के लिए लंबित है।

मंत्रालय का उत्तर अपेक्षित है (दिसम्बर 2016)।

3.4.3 एनसीएच मुम्बई कमिश्नरी में, एक आयातक[23] ने ₹ 189.09 करोड़ के सीआईएफ मूल्य के लिए संस्तुति पत्र के साथ बागा और बघेरी, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश पर एक नया सीमेंट प्लांट संसथापित करने के लिए माल आयात करने के लिए फरवरी 2006 में संविदा पंजीकृत की थी। बाद में, ₹ 61.04 करोड़ के मूल्य के सीआईएफ के लिए जुलाई 2008 और सितम्बर 2011 के बीच तीन बार अतिरिक्त संविदाएँ पंजीकृत की गई थी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि आयातकों ने पूँजी माल को अन्य नये उत्तर प्रदेश में आयातक के सीमेंट प्लांट में स्थानांतरित किया जो कि नवम्बर 2006 और जनवरी 2007[24] में आयातित किए गए थे (₹ 16.35 करोड़)। तथापि वहाँ पर परियोजना आयात के तहत आयातन पर लाभ उठाए गए 82 लाख की शुल्क रियायत के भुगतान के बारे में कोई विवरण नहीं थे।

राजस्व विभाग ने कहा (दिसम्बर 2016) कि आयातक परियोजना आयात के अधीन किए गए आयात के विवरण प्रस्तुत करने के लिए सलाह दी गई है जो प्रतीक्षित है। पखवाड़े के भीतर संतोषजनक विवरण प्रस्तुत न करने के मामलों में उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी।

[23] मेसर्स जयप्रकाश एसोसिएट्स लि.

[24] दिनांक 9.11.2006 बीई सं. 722026 और दिनांक 22.01.2007 741242 में आयातित

3.5 निष्कर्ष

योजना के वर्तमान विधिक प्रावधानों की समीक्षा, बाद की अधिसूचनाओं और संशोधनों के कारण योजना में महत्वपूर्ण अस्पष्टता दर्शाते हैं। इस प्रकार निर्धारण अनुचित ढंग से किया जा रह है जिसके परिणामस्वरूप शुल्क का कम/अधिक मूल्यांकन और गलत करारोपण हुआ। आयातों के समापन की निगरानी के लिए विनियमों में उचित प्रावधानों की कमी के परिणामस्वरूप बहुत सी परियोजनाओं में अनिश्चित अवधियों के लिए विलंब हुआ और परियोजना प्रारंभ होने के पश्चात भी आयातकों को रियायती आयातों का अनुचित लाभ दिया गया। कैप्टिव पावर संयंत्रों और अन्य परियोजनाओं के लिए स्पष्ट प्राथमिक प्रायोजक नहीं होने के कारण इन परियोजनाओं की निगरानी एकल प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बिना एकाधिक प्रायोजक अथौरिटीज द्वारा थी।

अध्याय 4: नियम एवं पद्धतियों का अनुपालन

लेखापरीक्षा ने जाँच की कि क्या समय-समय पर सीबीईसी द्वारा जारी सीमाशुल्क अधिनियम 1962, पीआईआर 1986 अधिसूचनाओं और निदेशों के तहत बनाए गए नियम, विनियमों एवं पद्धतियों का अनुपालन था। लेखापरीक्षा ने देखा कि वहाँ पर आवश्यक दस्तावेजों के गैर-प्रस्तुतीकरण के कारण परियोजना आयात रियायत के गलत अनुदान के मामले थे, इस प्रकार निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन में ढिलाई दर्शाते हुए मिलान विवरणों और अन्य दस्तावेजों की कमी में भी मामले निर्धारित किए गए।

4.1 अपेक्षित दस्तावेजों के अभाव में पूर्ण किये गये ठेके

सीमाशुल्क कानून नियमावली के अध्याय 5 के पैराग्राफ5 के साथ पढ़े गए पीआईआर, 1986 के विनियम *7* के अनुसार, आयातक को पिछले प्रेषित माल की निकासी की तिथि या निर्धारिणों के निर्धारण के लिए ऐसी बढ़ाइ्र गई समय सीमा के तहत तीन महीने के भीतर सीमाशुल्क प्राधिकरण को आवश्यक दस्तावेज[25] प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। चयनित मामलों में संबंधित केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरण द्वारा पीएसवी की जाती है।

4.1.1 मिलान विवरणों एवं अन्य दस्तावेजों की अनुपस्थिति में निर्धारित किए गए मामले

लेखापरीक्षा संवीक्षा ने दर्शाया कि जेएनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी, कांदला और एसीसी नई दिल्ली कमिश्नरी के तहत पाँच संविदाए सीमाशुल्क प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित किए गए थे यद्यपि आयातक ने आवश्यक दस्तावेज या कम दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं किया। ₹ 9.60 करोड़ की शुल्क रियायतों का आयातकों द्वारा लाभ उठाया गया था।

एक उदाहरण दर्शक मामले का विवरण नीचे दिया गया है:

24 बीइज़ (₹ 29.38 करोड़) वाली कांदला कमिश्नरी में पंजीकृत एक संविदा[26] (जुलाई 2010) कमिश्नरी द्वारा जुलाई 2014 में निर्धारित की गई थी। तथापि, आयातक ने मिलान विवरण प्रस्तुत नहीं किया था और प्रेषित माल की चार

---

[25] पंजीकृत/प्रमाणीकृत चार्टर्ड इंजीनियर, प्रविष्टि बिलो (बीईज) की कॉपी बीजक, अंतिम भुगतान प्रमाण पत्र आदि से संस्थान प्रमाणपत्र के साथ माल का विवरण, मात्रा और मूल्य दर्शाता मिलान विवरण

[26] मेसर्सएफएलएसमिथ, चेन्नै

बीड्ज़[27] की प्रति दिसम्बर 2010 में मुम्बई द्वारा आयातित की गई थी। सीमाशुल्क प्राधिकरण, मुम्बई ने कांदला सीमाशुल्क से कुछ स्पष्टीकरण की माँग की थी किंतु मुम्बई सीमाशुल्क, कांदला सीमाशुल्क मामले का स्पष्टीकरण दिए बिना संविदा निर्धारित की।

राजस्व विभाग द्वारा उपरोक्त टिप्पणियों पर दी गई (दिसम्बर 2016) आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है ।

4.1.2 प्रमाण पत्र/प्लांटसाइट सत्यापन के संस्थापन के बिन परियोजना संविदाओं का निर्धारण

₹ 45.15 करोड़ की शुल्क रियायत वाले पाँच कमिश्नरी के तहत 11 मामले लेखापरीक्षा संवीक्षा ने दर्शाया कि यह संविदाएँ कमिश्नरियों द्वारा बिना संस्थापन प्रमाणपत्र अभिलिखित किए या सक्षम प्राधिकारी के अलावा प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाणपत्र को स्वीकारने द्वारा निर्धारित की गई थीं **(परिशिष्ट 4)**।

राजस्व विभाग द्वारा उपरोक्त टिप्पणियों पर दी गई (दिसम्बर 2016) आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है।

4.1.3 क्षमता के विस्तारण के सत्यापन के बिना परियोजना संविदाओं का निर्धारण

विनियम 3(सी) के अनुसार, एक प्लांट की संस्थापित क्षमता के महत्वपूर्ण विस्तारण का अर्थ है विस्तारण जो कि कम से कम 25 प्रतिशत वर्तमान संस्थापित क्षमता को बढ़ाएगा। दिनांक 12 मार्च 1992 एमओएफ पत्र सं. 521/192/90-सीयूएसटीयू के अनुसार दस्तावेज़ी प्रमाण जैसे कि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्रमाणपत्र, बही लेखा आदि को आयातकों द्वारा उनके महत्वपूर्ण विस्तारण के दावे के समर्थन में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है लेखापरीक्षा ने विस्तारण के सत्यापन के बिना परियोजना के निर्धारण के मामले देखे।

---

[27] दिनाँक 13.12.2010 प्रविष्टि बिन सं. 2426943, दिनांक 13.01.11 691304, दिनांक 28.12.2010 और दिनांक 15.01.2011 2589460

(i) कांदला, मुंद्रा एनसीएच-मुम्बई कमिश्नरियों में लेखापरीक्षाने 87.44 करोड़ मूल्य के सीआईएफ मूल्य की पाँच संविदाएं[28] जैसा कि आयातकों द्वारा प्रस्तावित की गई थी, बिना महत्वपूर्ण विस्तारण का सत्यापन किए जुलाई 2011 और मार्च 2016 के बीच सीमाशुल्क द्वारा निर्धारितकी गई थी जिसके परिणामस्वरूप 2.62 करोड़ के परियोजना आयात लाभ का गलत लाभ उठाया गया।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2016)।

(ii) हैदराबाद और लुधियाना कमिश्नरियों के तहत पंजीकृत (मई 2011 और फरवरी 2012) ₹ 20.25 करोड़ के सीआईएफ मूल्य के दो संविदाएँ[29] थी, लेखापरीक्षा ने केन्द्रीय उत्पाद शुल्क रिकॉर्ड जो कि है 2011-12 से 2014-15 वर्षोंके लिए प्रस्तुत वार्षिक संस्थापित क्षमता विवरण (ई-आर-7 प्रतिगम) वार्षिक संस्थापित क्षमता वही रही जो कि परियोजना आयात के पूर्व थी। चूंकि दस्तावेजो प्रमाणों ने यह प्रमाणित नहीं किया कि प्लांट क्षमता का कोई भी विस्तारण मशीनरी के आयात के बाद हुआ था, परियोजना आयातों के तहत उठाया गया लाभ अनियमित था। इस प्रकार आयातित मशीनरी पर 59.95 की शुल्क रियायत को वसूलने की आवश्यकता है।

राजस्व विभाग द्वारा उपरोक्त टिप्पणियों पर दी गई (दिसम्बर 2016) आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है। **(परिशिष्ट – 4ए)**

4.2 योजना के तहत अनुमत अस्वीकार्य आयात

सीमाशुल्क नियमावली के अध्याय 5 के पैराग्राफ 2.4 के अनुसार, माल की निकासी के समय पर सीमाशुल्क प्राधिकरण को पंजीकृत माल के विवरण, मूल्य और मात्रा की जाँच करने की आवश्यकता है।

4.2.1 मशीनरी की अपवर्जित श्रेणियों के लिए शुल्क रियायत का गलत अनुदान

दिनांक 9 जनवरी 2012 का. ज्ञा. सं. एफ सं. 354/2/2012-टीआरयू में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मेट्रो रेल परियोनाओं के लिए आवश्यक

---

[28] मेसर्स सनशाइन टाइल्स क. प्रा. लि. मेसर्स सोमानी सेरेमिक्स लि., मेसर्स रामोजी ग्रेनाइट मि. मेसर्स सेन्टोसा ग्रेनीटो प्रा. लि. एंड मेसर्स लाएड स्टील इंडिया लि.

[29] मेसर्स, एएसनजे सिन्थेटिक लि. एवं मेसर्स एवॉन इस्पात एंड पावर लि.

टनलबोरिंग मशीन/कल पूर्जे योजना के आयात के लिए योग्य नहीं है, चूँकि आयातित मशीने प्लांट या परियोजना के रखरखाव के लिए आवश्यक नहीं है।

उपरोक्त स्पष्टीकरण के खण्डन में, आईसीडी कमिश्नरी बैंगलुरू में, एक आयातक[30] ने टनल बोरिंग मशीनों और कलपुर्जों क्रमानुसार के आयात के लिए जनवरी 2011 और जुलाई 2011 में दो संविदाएं पंजीकृत की थी। और ₹ 7.08 करोड़ की शुल्क रियायत अनुमत की। दोनों संविदाएँ सीमाशुल्क द्वारा सितम्बर 2015 में निर्धारित की गई थी।

राजस्व विभाग ने कहा (दिसम्बर 2016) कि टीबीएम एक अलग मशीन है और सेगमेन्ट मोल्ड एक अलग मशीन है जबकि पूर्व वाला सुरंग खोदने के लिए और दूसरा लाइनिंग के लिए पूर्व निर्मित ठोस सेगमेन्ट का निर्माण करने के लिए है।

राजस्व विभाग का उत्तर तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि यह वित्त मंत्रालय के कार्यालय उपरोक्त ज्ञापन द्वारा टीबीएम मशीन को शुल्क छूट के मामले को निस्तारित नहीं करता, पीआईआर 1986 के अन्तर्गत शुल्क छट केवल उन मशीनों को उपलब्ध है जो परियोजना प्राधिकरण को आयातक द्वारा जो कि बुनियादी ढांचे के एक भाग के रूप में सौंप दिया जाता है। लेकिन, तत्काल मामले में मशीनरी आयातक द्वारा बनाए रखा गया।

4.2.2 आयात किए जाने के लिए अनुमत एवं वास्तव में आयातित माल के बीच त्रुटियाँ

₹ 24.03 करोड़ सीआईएफ मूल्य और ₹ 1.86 करोड़ के शुल्क रियायत के साथ आयात के तीन मामलों में लेखापरीक्षा ने परियोजना आयात के तहत आयात के लिए अनुमत माल और आयातकों द्वारा वास्तव में अनुमत माल में त्रुटियाँ देखी। दो मामलों का विवरण नीचे दिया गया है:

कोलकाता पत्तन कमिश्नरी में, एक आयातक[31] ने नॉदर्न कोलफील्ड लि. के अमलोहरी कोयला खनन विस्तारण परियोजना में दो इलैक्ट्रिरक वॉकिंग ड्रेगलाइन की आपूर्तिके लिए आवश्यक माल के आयात के लिए एक संविदा

[30] मेसर्स कॉन्टिनेटल इंजीनियर कॉर्पोरेशन

[31] मेसर्स हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लि.

पंजीकृत की। आयातक ने नौ खरीद आदेशों और कोयला मंत्रालय द्वारा अनुमोदित मदों की एक सूची की प्रतियाँ प्रस्तुत की थीं।

फाइल में संलग्नित आयात दस्तावेजों की संवीक्षा ने दर्शाया कि दो बीईज़ के तहत आयातित मेसर्स जनरल इलेक्ट्रिक, कनाड़ा के साथ निष्पादित दिनाँक 30 मार्च 2011 खरीद आदेश द्वारा शामिल मोटरों (होइस्ट, प्रोपेल, स्विंग, ड्रेग) पंजीकरण के लिए अनुमोदित खरीद संविदा में से भिन्न मॉडल संख्याएँ थी। इसके अतिरिक्त फर्म ने खरीद संविदा में चार होइस्ट मोटरों (दो ड्रैगलाइनों के लिए) के प्रति छः होइस्ट मोटरों को आयात किया था।

चूँकि आयातित मोटरें अनुमोदित खरीद संविदा में सहमत विनिर्दिशों की नहीं थीं, वे शुल्क की रियायती दर के लिए योग्य नहीं थी। सीटीएच 9801 के तहत लाभ के गलत विस्तारण के परिणामस्वरूप ₹ 18.38 करोड़ के सीआईएफ मूल्य पर ₹ 1.67 करोड़ की छूट का गलत लाभ उठाया गया।

अपने जवाब में राजस्व विभाग ने कहा (दिसम्बर 2016) है कि मामले की गुणवत्ता को आंका जा रहा है और एक अंतिम जबाब भेजा जाएगा।

एक अन्य मामले में, एनसीएच कमिश्नरी मुम्बई के तहत एक आयातक[32] ने ₹ 121.40 करोड़ के सीआईएफ मूल्य के लिए कर्नाटक इस संविदा में सीमेंट प्लांट के प्रारंभिक संस्थापन के लिए इस संविदा पंजीकृत (मार्च 2014) की। आयातक ने ₹ 5.**54** करोड़ सीआईएफ मूल्य की दो ड्रिलिंग मशीने का आयात किया और उन पर ₹ 16.62 लाख की शुल्क छूट का लाभ उठाया।

चूँकि ड्रिलिंग मशीनें आवश्यक रूप से खनन परिचालनों के लिए क्वेरी ब्लास्ट होल ड्रिलिंग के लिए थी और इन सीमेंट प्लांट के लिए नहीं थी; इस प्रकार वे रियायती शुल्क के लिए योग्य नहीं थे।

वाणिज्य मंत्रालय (अक्टूबर 2015) ने आयातक को इस शर्त के अधीन तेलंगाना राज्य में एक ड्रिलिंग मशीन को इसके अन्य प्लांट हस्तांतरित किया कि आयातक संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकरण को ब्याज और अन्य शेषों के साथ सीमाशुल्क जमा करेगा। तथापि, न तो मशीन का हस्तांतरण, न ही शुल्क और ब्याज का भुगतान रिकॉर्ड में नहीं था।

[32] मेसर्स आरिएंड सीमेंट लि.

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2016)।

4.3 सीलिंग के अधिक स्पेयर का आयात

सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की पहली अनुसूची के अध्याय शीर्ष 9801 के प्रावधानों के अनुसार, परियोजना आयात माल के अतिरिक्त, माल के निर्धारणीय मूल्य के 10 प्रतिशत तक कलपुर्जे और उपभोज्यों का आयात किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा ने देखा कि छः पंजीकृत सविदाओं में (दिसम्बर 1997 और मई 2014 के बीच) और पाँच कमिश्नरियों[33] में आयातकों ने 10 प्रतिशत की निर्धारित सीलिंग से अधिक कलपुर्जो/उपभोज्यों का आयात किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.31 करोड़ के शुल्क छूट का अनियमित लाभ उठाया गया।

कुछ मालमों का विवरण नीचे दिया गया है:

(i) कोचीन सीमाशुल्क कमिश्नरी में, एक आयातक[34] ने कट्टीयाड़ी हाइड्रो विद्युत परियोजना के संस्थापन (IX50 एमडब्ल्यू) के लिए एक परियोजना संविदा सं. 2/1997 पंजीकृत की थी। ₹ 64.69 करोड़ के मूल्य के पंजीकृत माल ने ₹ 7.35 करोड़ के अतिरिक्त निहित है। ₹ 7.35 करोड़ के अतिरिक्त स्पेयर के मूल्य ने 6.47 करोड़ की मशीनरी के मूल्य के 10 प्रतिशत की निर्धारित सीमा को पार किया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 87.95 लाख के स्पेयर का अधिक आयात हुआ।

अधिक आयात का कारण बताए बिना दिसम्बर 2013 में संविदा निर्धारित की गई। स्पेयरों के अधिक मूल्य में ₹ 27.65 लाख की शुल्क रियायत निहित थी।

इसे इंगित किए जाने पर (अप्रैल 2016), कमिश्नरी ने कहा (अप्रैल 2016) कि निर्णायक प्राधिकरण ने सभी विवादपूर्ण मामलों पर विचार करते हुए आदेश पारित किया और उसे उस चरण पर पुनः शुरू नहीं किया जा सकता।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है चूँकि इसने लेखापरीक्षा द्वारा उठाए गए अधिक स्पेयर के आयात के मामले को संबोधित नहीं किया।

---

[33] एसीसी नई दिल्ली, चेन्नै समुद्री सीमा शुल्क, कोची, कांदला और मुम्बई (एनसीएच)

[34] मेसर्स करेल स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड (केएसईबी)

राजस्व विभाग के दिनांक (दिसम्बर 2016) के उत्तर अनुसार ऊपरोक्त टिप्पणियां परीक्षाधीन है।

(ii) एनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी में, सूरत, गुजरात में 1100 एमडब्ल्यू सूगेन कम्बाइन्स साईकल पावर प्लांट के प्रारंभिक संस्थापन के लिए अप्रैल 2006 में संविदा पंजीकृत की थी। आयातक[35] ने दिनाँक 1 मार्च 2012 की अधिसूचना सं. 400 के तहत शुल्क की 'शून्य' दर का दावा किया। माल को 398 बीइज द्वारा आयातित किया गया और अगस्त 2013 में सीमाशुल्क द्वारा संविदा को निर्धारित किया गया।

चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा प्रस्तुत दिनाँक 30 दिसम्बर 2009 प्रमाणपत्र दस्तावेजों के सत्यापन ने दर्शाया कि आयातित प्लांट एंव मशीनरी का कुल मूल्य यूएसडी 29,51,60,346 और स्पेयर का यूएसडी 3,14,31685 था। स्वीकार्य स्पेयर का अनुमत 10 प्रतिशत यूएसडी 2,94,63,383 था इसके परिणामस्वरूप यूएसडी 19,68,302 (₹ 8.86 करोड़) का अधिक आयात हुआ। अयातक ने यूएसडी 16,39,737 (₹ 9.39 करोड़) मूल्य के आयातों पर शुल्क का भुगतान किया। यूएसडी 3,28,565 (₹ 1.48 करोड़) के अधिक आयात शेष पर, किसी शुल्क पर भुगतान नहीं किया गया था। अनुमत सीमा से अधिक स्पेयर के सीमाशुल्क के भुगतान के बाद निपटान की आवश्यकता थी। ₹ 1.48 करोड़ का अधिक आयात शेष पर ₹ 42.34 लाख का सीमाशुल्क लगा।

अपने जवाब में राजस्व विभाग ने कहा है (दिसंबर 2016) उपरोक्त टिप्पणियां परीक्षाधीन है।

4.4 माल की गलत निकासी

पीआईआर, 1986 के नियम 5 के साथ पठित नियम 4 के अंतर्गत, प्रोजैक्ट इंपोर्ट के अंतर्गत निर्धारण केवल इस माल के लिए उपलब्ध होगा जो घरेलु खपत के लिए माल की निकासी हेतु किसी आदेश को जारी करने से पूर्व उपयुक्त सीमाशुल्क हाऊस के पास पंजीकृत विशिष्ट ठेके के प्रति आयात किया गया है और आयातक को जहां माल आयात किया जाना है या उनके आयात से पूर्व पोर्ट पर पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

[35] मैसर्स टोरेन्ट पॉवर लि.

लेखापरीक्षा ने पाया कि दो मामलों में, माल की निकासी ठेकों के पंजीकरण से पहले ही कर दी गई थी और तीन मामलों में, माल या ठेकों के पंजीकरण के लिए आवेदन करने पर या पहले आयात कर दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 5.39 करोड़ के परियोजना आयात छूट की अनियमित प्राप्ति हुई जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका सं. 6: माल की गलत निकासी

कमि.	ठेका सं.	शुल्क छूट (₹ लाख में)	टिप्पणी
कोचीन	1/2013	12.41	फरवरी 2015 में ठेका पंजीकृत किया गया था परंतु जनवरी 2015 में पार्ट शिपमेंट मंजूर कर दी गई।
एनसीएच, मुम्बई	एस/5-17/ 2012/सीसी	109.57	माल 18.12.2012 को आयात किया गया । 21.12.2012 को आवेदन किया गया और 02.12.2012 को ठेका पंजीकृत किया गया था परंतु 28.12.2012 को माल की निकासी कर दी गई थी।
तूतीकोरिन	3/2003	362.00	10.07.2013 को ठेका पंजीकृत किया गया था जबकि माल पहले ही 30.07.2012 को आयात किया जा चुका था।
हैदराबाद	एस20/परि. आयात/01/2011-आईसीडी	7.45	सितम्बर 2010 और जनवरी 2012 के बीच पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया परंतु जनवरी/मार्च 2010 में माल पहले ही गोदाम में रखा जा चुका था।
विशाखापटनम	एस13(ए)/02/2013-एपी	47.26	17.07.2013 को पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया परंतु कार्गो 22.06.2013 को पहले ही आ चुका था।

पीआईआर का उल्लंघन करते हुए माल की निकासी के उपरोक्त मामले प्रोजैक्ट आयात माल की निकासी के लिए अपर्याप्त निगरानी को दर्शाता है।

राजस्व विभाग (दिसम्बर 2016) ने आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना प्रस्तुत की है जो परीक्षाधीन है।

4.5 शुल्क की गलत दर लगाना

प्रोजैक्ट आयात के अंतर्गत, समय-समय पर विनिर्दिष्ट मौजूदा दर/छूट के अनुसार आयातक को उत्पाद शुल्क (बीसीडी, सीवीडी, एसएडी) अदा करना आवश्यक है।

लेखापरीक्षा ने सात कमिश्नरियों में माल/प्रोजैक्ट के गलत वर्गीकरण के कारण शुल्क की दर के गलत लागू करने के नौ ठेकों के मामले पाये और ₹ 3.03 करोड़ राशि के कम उद्ग्रहण के कारण उत्पाद शुल्क का भुगतान नहीं/ कम भुगतान किया गया।

तालिका सं. 7: शुल्क की गलत दर

कमि.	पाये गये मामलों की सं.	टिप्पणी	माल का मूल्य (₹ लाख में)	शुल्क का कम/ उद्ग्रहण न होना (₹ लाख में)
कांडला	2	एक मामले में एसएडी का उद्ग्रहण नहीं किया गया था और एक अन्य मामले में 'लुबरीकेटिंग ऑयल' का गलत वर्गीकरण किया गया था और सीवीडी का कम उद्ग्रहण किया गया था।	119.32	8.62
मुंद्रा	6	'लुबरीकेटिंग ऑयल' का गलत वर्गीकरण किया गया था और सीवीडी का कम उद्ग्रहण किया गया था।	2694.31	123.85
चेन्नै	2	'डिस्क इंसूलेटर' पर सुरक्षा शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया था।	216.14	75.65
कोचीन	4	'सीमलैस पाईप' पर सुरक्षा शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया था।	190.01	28.94
कोलकाता	2	मंडी/गोदाम में 'यांत्रिकी प्रबंधन प्रणाली/ पैलट रैकिंग प्रणाली' के स्थान पर 'कोल्ड स्टारेज प्रणाली' के रूप में परियोजना को मानते हुए दावा की गई शुल्क कटौतियां	262.05	39.82
एनसीएच, मुम्बई	1	'फिल्टर बैग' का गलत वर्गीकरण	496.86	23.00
जेएनसीएच, मुम्बई	3	'लिफ्ट सिंचाई' परियोजना को जल आपूर्ति परियोजना माना गया	14.66	3.07

उपरोक्त मामलों के अतिरिक्त, डीजी (सिस्टम) द्वारा उपलब्ध कराये गये परियोजना आयात डाटा के विश्लेषण से शुल्क के कम उद्ग्रहण/उद्ग्रहण न करने के विवरण नीचे दिये गये है:

तालिका सं. 8: शुल्क के कम उद्ग्रहण/ उद्ग्रहण न करने

पाये गये मामलों की सं.	टिप्पणी	माल का मूल्य (₹ लाख में)	पाया गया कम उद्ग्रहण (₹ लाख में)
नौ पत्तनों[36] के 70 बीई	'विद्युत इंसुलेटर' पर सुरक्षा शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया था।	18508.33	6385.35
पाँच पत्तनों[37] के 22	ल्यूबरीकेटिंग/ट्रांसफार्मर ऑयल/	4219.88	123.79

[36]कोलकाता समुद्र, कनकपुरा (जयपुर आईसीडी), मंडीदीप, नागपुर, न्हावा शेवा समुद्र, केएलपीपीएल-आईसीडी/पनकी, पारादीप, रायपुर, बैंगलोर आईसीडी

पाये गये मामलों की सं.	टिप्पणी	माल का मूल्य (₹ लाख में)	पाया गया कम उद्ग्रहण (₹ लाख में)
बीई	इंसुलेटिंग ऑयल का गलत वर्गीकरण किया जिसके कारण सीवीडी का कम भुगतान किया गया।		
छः पत्तनों के 105 बीई		अपूर्ण डाटा के कारण कम उद्ग्रहण को प्राप्त नहीं किया जा सका।	

राजस्व विभाग (दिसम्बर 2016) ने आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना प्रस्तुत की है जो परीक्षाधीन है।

4.6 रबड़ कैमिकल के आयात पर प्रति-पाटन शुल्क की वसूली न करने के कारण राजस्व की हानि

दिनांक 20 अक्तूबर 2005-सीमा शुल्क की अधिसूचना संख्या 94/2005 के अनुसार रबड़ रसायनों की विभिन्न श्रेणी पर यूरोपीयन यूनीयन, चीन गणराज्य, चाईनीज ताइपे और संयुक्त राज्य अमेरिका से आयातित माल पर प्रति-पाटन शुल्क देना पड़ा।

कोलकाता कमिश्नररी में, मै. नवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन लिमि. के कोयला खदान विस्तार परियोजना के लिए आवश्यक स्टील कॉर्ड बैल्ट के 22,000 मीटर के निर्माण के लिए कच्चे माल के आयात हेतु एक आयातक[38] ने एक ठेका पंजीकृत कराया (जनवरी 2007)।

चूंकि आयातकों द्वारा प्राप्त की गई छूट पीआईआर 1986 की शर्तों को पूरा नहीं कर रही थी, उक्त को अंतरीय शुल्क की पुष्टि करते हुए अधिनिर्णयन प्रक्रिया (जनवरी 2016) द्वारा कमिश्नरी द्वारा नामंजूर कर दिया गया।

ठेके के अंतर्गत किये गये आयात के विवरणों की नमूना जांच से ज्ञात हुआ कि फर्म ने चीन गणराज्य और चीन ताइपे के एमओआर, 6 पीपीडी और टीडीक्यू जैसी कंपनी से रबड़ रसायन भी आयात किया (जनवरी 2007) जिस पर दिनांक 20 अक्तूबर 2005 की अधिसूचना सं. 94/2005 की शर्तों के अनुसार प्रति-पाटन शुल्क देय था। यद्यपि, ₹ 7.53 लाख राशि का प्रति-पाटन शुल्क न तो बीई के अस्थायी निर्धारण के समय संग्रहित की गई न ही निर्धारण के समय अंतिम रूप देते समय ध्यान रखा गया।

[37] बॉम्बे समुद्र, कोलकाता समुद्र, न्हावा शेवा मुम्बई, आईसीडी तुगलकाबाद, विजाक समुद्र

[38] मै. फोनिक्स कंवेयर बैल्ट इंडिया (प्रा.) लिमि. पूर्ववत् मै. फोनिक्स यूल लिमि.

इस ओर ध्यान दिलाने पर (जून 2016), राजस्व विभाग ने कहा (दिसम्बर 2016) कि मामला आयातक के साथ उठाया गया है और अंतिम जवाब आयातक से स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर दिया जाएगा ।

4.7 आईसीईएस 1.5 में ब्याज की गलत दर

दिनांक 1 मार्च 2011 की एनटी अधिसूचना के अनुसार, 18 प्रतिशत की दर पर ब्याज उत्पाद शुल्क के गैर/कम उद्ग्रहण पर देय था।

अहमदाबाद कमिश्नरी (आईसीडी खोड़ीयार) में, लेखापरीक्षा ने पाया कि परियोजना ठेका सं. 01/2012 अपने नये वाहन संयंत्र, सननद, गुजरात के लिए एक आयातक[39] द्वारा ₹ 293.44 करोड़ के सीआईएफ मूल्य के लिए माल के आयात हेतु पंजीकृत (दिसम्बर 2012) कराई गई।

अप्रैल, 2013 के दौरान आयातित चार खेपों के मामले में, आयातक ने प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा अनुमत मात्रा से अधिक माल आयात किया। आयातक ने दिनांक 26 अक्तूबर 2013 के चालान सं. 371 से तैयार की गई इडीआई द्वारा ब्याज सहित अधिक मात्रा पर परियोजना छूट प्राप्त किये बिना पूरा शुल्क अदा किया और दिनांक 24 मई 2013 के पत्र द्वारा उत्पाद शुल्क के भुगतान विवरण की सूचना दी।

ब्याज का आंकलन किया गया और उत्पाद शुल्क के कम/गैर-उद्ग्रहण अदा किये जाने पर 18 प्रतिशत (धारा 28 के लिए लागू) के स्थान पर इसे शुल्क का सामान्य देरी से भुगतान मानते हुए 15 प्रतिशत (उत्पाद शुल्क, अधिनियम, 1962 की धारा 47 हेतु लागू) पर अदा किया गया जिसके कारण ₹ 1.03 लाख के ब्याज सहित कम भुगतान किया गया।

इस प्रकार, आईसीईएस 1.5वी. के ब्याज आंकलन क्षेत्र अद्यतित करने की आवश्यकता है, ताकि शुल्क के कम भुगतान के ऐसे मामलों में ब्याज दर की मान्य दर को लागू किया जा सके।

डीओआर ने अपने जवाब (दिसंबर 2016) में कहा है कि आयातक को अंतर शुल्क का भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया है ।हालांकि आईसीएस ने सुधार के संबंध में डीओआर का उत्तर मूक है।

---

[39] मै. फोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमि.

4.8 परियोजना आयात के मामले में जारी एससीएन का लंबित/गैर अधिनिर्णयन

उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 28(9) के अनुसार, जहां भी करनासंभवहो, अधिनिर्णयन आदेश सामान्य समय में छः महीने के और सांठ-गांठ, जान-बुझकर गलत विवरण, तथ्यों का छिपाना, धोखा-धड़ी आदि के मामले मे एससीएन/मांग नोटिस के जारी करने की तिथि से एक वर्ष के अंदर अधिनिर्णयन प्राधिकारी द्वारा पास किया जाना चाहिए।

चेन्नई समुद्र, एसीसी, नई दिल्ली और एनसीएच, मुंबई कमिश्नरियों में, लेखापरीक्षा ने जुलाई 2011 और फरवरी 2015 के बीच जारी किये गये ₹ 12.61 करोड़ शुल्क वाले एससीएन के गैर-अधिनिर्णयन के 34 मामले पाये जिनका विवरण नीचे दिया गया है।

4.8.1 चेन्नै समुद्र कमिश्नरी: ₹ 460.22 करोड़ के सीआईएफ मूल्य वाले प्रोजैक्ट ठेके (2004-2010) के 25 मामलों में, अंतिम रूप दिये जाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के गैर-प्रस्तुतीकरण के लिए एससीएन जारी किये गये थे। 2011 से 2012 के दौरान जारी किये ये एससीएन जुलाई 2016 तक अधिनिर्णयन के लिए लंबित थे। 25 एससीएन में से, चार एससीएन पांच वर्षों से अधिक से अधिनिर्णयन लंबित थे और 21 एससीएन चार वर्षों से अधिक से अधिनिर्णयन लंबित थे। 25 मामलों में से, 11 मामलों में मांगा गया शुल्क ₹ 12.06 करोड़ था और शेष 14 मामलों के लिए, मांगे गये शुल्क के विवरण कमिश्नरी द्वारा प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में कहा है कि आवश्यक दस्तावेजों की गैर प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और न्याय निर्णयन का पालन कारण प्रक्रिया के करने के बाद किया जाएगा।

4.8.2 एसीसी, नई दिल्ली कमिश्नरी में, लेखापरीक्षा ने पाया कि तीन एससीएन अंतिम रूप दिये जाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के गैर-

प्रस्तुतीकरण कि लिए एक आयातक[40] को जारी किये (फरवरी 2015)। व्यक्तिगत सुनवाई कराने के बाद (मार्च 2016), कमिश्नरी ने अप्रैल 2016 तक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए आयातक को अतिरिक्त समय प्रदान किया। यद्यपि, लेखापरीक्षा ने पाया कि जून 2016 तक आयातक द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये और अधिनिर्णयन कार्रवाईयां लंबित थी। राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में कहा है कि आयातक को 2015 में एससीएन जारी किया गया था और शीघ्र ही निर्णयाधीन होगा।

4.8.3 एनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी में, ठेका सैल में एससीएन पंजिका के सत्यापन से ज्ञात हुआ कि अप्रैल 2011 के बाद जारी किये गये 61 एससीएन लेखापरीक्षा (जून/जुलाई 2016) की तिथि तक अधिनिर्णयन हेतु लंबित थे। 61 एससीएन में से, 58 एससीएन छः महीने के बाद भी अधिनिर्णयन हेतु लंबित थे। लेखापरीक्षा ने पाया कि लंबन हेतु सामान्य कारण थे:-

(क) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरणों से अन्य भाग और लंबित पीएसवी से बीई की विलंबित कार्रवाई। लंबित अंतिम निर्णय;

(ख) विभागीय कार्रवाई की कमी, निगरानी कमी, फोलो-अप न किया जाना और न पता लगाये जाने योग्य फाईलें।

जेएनसीएच, मुम्बई में, न तो एससीएन पंजिका और न ही एससीएन के जारी करने/लंबन के सांख्यिकी विवरण लेखापरीक्षा को प्रस्तुत किये गये थे।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब में (दिसम्बर 2016) कहा है कि जेएनसीएच, मुम्बई आयुक्तालय में छमाह से अधिक विलम्बित 58 एससीएन में से 23 एससीएन में निर्णय हो गया। इन मामलों में आवश्यक रिपोर्ट में तेजी लाने के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारियों से संपर्क, द्वारा लंबित मामलों के लिए जल्दी न्याय निर्णयन के लिए प्रयास कर रहे हैं। जेएनसीएच आयुक्तालय में अब कारण बताओ नोटिस हेतु रजिस्टर बनाया जा रहा है।

4.9 सुनिश्चित मांग की गैर-वसूली

उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 28(10) दर्शाती है कि जहां इस धारा के अंतर्गत उचित अधिकारी द्वारा शुल्क के निर्धारण आदेश पारित किये

[40] मै. एनबीसीसी लिमि.

गये हैं, उक्त शुल्क अदा करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति ताकि ऐसी राशि पर देय ब्याज सहित निर्धारित राशि अदा करेगा या ब्याज की राशि अलग से विनिर्दिष्ट नहीं की गई है।

4.9.1 एसीसी कमिश्नरी, नई दिल्ली: लेखापरीक्षा ने पाया (जून 2016) कि ₹ 44.86 लाख सीआईएफ मूल्य वाले दो ठेकों में, ठेकेदार अंतिम रूप दिये जाने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे। कमिश्नरी ने एससीएन (नवम्बर 2014 और जनवरी 2015) पर अधिनिर्णयन दिया और क्रमश: ₹ 10.81 लाख के अंतरीय शुल्क तथा ₹ 2.70 लाख के जुर्माने की पुष्टि की। यद्यपि, जून 2016 तक वूसली लंबित थी।

अपने जवाब में राजस्व विभाग ने (दिसम्बर 2016) गैर वसूली की मांग की पुष्टि स्वीकार कर ली है।

4.9.2 अस्थाई निर्धारण के मामले में, आयातक निर्धारण को अंतिम रूप दिये जाने की प्रतीक्षा करते हुए पहले ही ब्याज सहित शुल्क अदा कर सकता है; और ऐसे भुगतान को अंतिम निर्धारण[41] में समायोजित कर दिया जाएगा।

कोलकाता कमिश्नरी में, एक आयातक[42] ने सासन अल्ट्रा मैगा पावर प्लांट से जुड़ी हुई ट्रांसमिशन लाईन की आरंभिक स्थापना के लिए आवश्यक सामान करने के लिए दो ठेके पंजीकरण (मई 2011 और जनवरी 2012) किये। ठेकों के पंजीकरण के बाद, आयातक ने सीमाशुल्क विभाग को सूचित किया (दिसम्बर 2012 और मई 2013 के बीच) कि खरीद ठेके में मूल्य वृद्धि खंड के अनुसार, विदेशी आपूर्तिकर्ता ने आपूर्तियों के प्रति पूरक बीजक दिये थे और इसलिए उनपर अतिरिक्त शुल्क निर्धारित किया जा सकता है। इसके पश्चात विभाग ने अप्रैल और जुलाई 2013 के बीच पूरक बीजकों के प्रति देय उत्पाद शुल्क निर्धारित किया और लागू ब्याज सहित शुल्क के भुगतान के लिए फर्म को पत्र जारी करने को कहा।

यद्यपि, यह देखा गया (जून और जुलाई 2016) कि इन दो ठेकेदारों में से, जनवरी 2012 में पंजीकृत एक मामले में, फर्म ने ₹ 1.42 करोड़ के कुल अंतरीय शुल्क के प्रति 1.09 करोड़ का अंतरीय शुल्क अदा किया। इसके

---

[41] जैसाकि दिनांक 09 सितम्बर 2011 के बोर्ड के परिपत्र सं. 40/2011 में प्रस्तुत किया गया।

[42] मै. पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमि.

अतिरिक्त, फर्म ने दोनों ठेकों के प्रति अंतरीय शुल्क पर ब्याज अदा नहीं किया। कमिश्नरी ने दोनों मामलों में कुल ₹ 1.80 (₹ 37.81 लाख+₹ 1.42 करोड़) करोड़ के प्रति बकाया ₹ 32.85 लाख अंतरीय शुल्क और ब्याज संग्रहण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जिसके कारण सरकारी राजस्व अवरूद्ध हुआ।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में बताया है कि आयातक को पत्र जारी कर दिया गया था और आयुक्तालय में संबंधित अनुलग्नको सहित उत्तर प्राप्त किया गया है । अन्तिम उत्तर का अनुसरण होगा।

4.10 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा ने मौजूदा प्रावधानों के कम या गलत अननुपालना की घटनाऐं देंखी। परियोजना के बाद में विस्तार के लिए ठेके वास्तविक सत्यापन के बिना अनुमत करने, दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण में विलंब, सामान की बिना अनुमति के आयात करने और अंजान सामान की निकासी ने पीआईआर, 1986 के प्रावधानों से विचलन को दर्शाया।

अध्याय 5: परियोजना आयात के अंतर्गत आयात की सुविधा

वर्गीकरण वर्गीकरण और मूल्यांकन की सरलीकृत प्रक्रिया द्वारा सरल और जल्द निर्धारण की सुविधा के मद्देनजर, प्रोजैक्ट इंपोर्ट के अंतर्गत आयातित माल एकल सीमा शुल्क टैरिफ शीर्ष (सीटीएच) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अन्य शब्दों में, प्रोजैक्ट इंपोर्ट की सुविधा कार्गो निकासी तथा जल्द और सरल निर्धारण प्रक्रिया में अवांछनीय विलंब को रोकने की आशा की जाती है।

लेखापरीक्षा ने सुविधा जैसे पोर्ट पर कार्गो के प्रवास समय, आयातकों द्वारा दस्तावेजीकरण का प्रस्तुतीकरण, बीई के अस्थाई निर्धारणों को अंतिम रूप देने में कमिश्नरियों द्वारा लिया गया समय और ठेकों को अंतिम रूप देने में कुछ पहलूओं की जांच की। लेखापरीक्षा निष्कर्ष आगामी पैराग्राफों में बताये गये हैं।

5.1 परियोजना आयात के अंतर्गत निकासी किये गये माल को रखने की अवधि

प्रवास समय सभी अनुमति और ली गई मंजूरियों के बाद पोर्ट परिसर को छोड़ने के लिए माल द्वारा लिये गये समय से पोर्ट में कार्गो के पहुँचने के बीच के समय की अवधि है। यह व्यवहार सुविधा मानदंडों के प्रभाव का महत्वपूर्ण संकेतक है।

2010-11 से 2013-14 की अवधि के दौरान दिये गये आऊट ऑफ चार्ज(ओओसी) को बीई के लिए आयात मंजूरियों के विभिन्न स्तरों में सामान्य विलंब पहचानने के लिए सीबीइसी द्वारा समय रिलीज अध्ययन किया गया था। कमिश्नरी द्वारा प्रस्तुत किये गये विवरण से समेकित की गई प्रवास समय विश्लेषण की रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि प्रवास समय में गिरावट आई थी और 2010-11 के दौरान 13.94 दिनों से 2013-14 के दौरान 10.95 दिनों की गिरावट थी। यह कमी सीबीइसी/डीजीएफटी द्वारा अपनाये गये विभिन्न आइसीटी उपायों और प्रक्रियाओं की तर्कसंगतता के कारण थी।

प्रोर्जेक्ट इंपोर्ट योजना के मुख्य उद्देश्यों में से एक की विभिन्न प्रकार के माल के लिए वर्गीकरण/शुल्क का एकल दल द्वारा प्रक्रिया को सरल बनाना और फलस्वरूप आयातित माल की जल्द सीमा शुल्क मंजूरी द्वारा आयातक को सुविधा प्रदान करना है। बोर्ड ने पुष्टि की (सितम्बर 2016) कि प्रोजैक्ट इंपोर्ट

माल की मंजूरी के लिए प्रवास समय अध्ययन उनके द्वारा नहीं किया गया था। इस निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए प्रवेश क्रांफेस में डीओआर प्रोजैक्ट इंपोर्ट माल के लिए औसत प्रवास समय के विवरण उपलब्ध कराये जो नीचे दिये गये हैं:

तालिका सं. 9: पोजैक्ट इंपोर्ट माल के लिए औसत प्रवास समय

पोर्ट	प्रवास समय (दिनों में)
चेन्नै	26.2
जेएनसीएच, मुंबई	27.7
मुंबई-।	15.5
मुंद्रा	6.2
कोलकाता	30.4

स्त्रोत: सीबीईसी

सभी श्रेणियों के सामान के लिए वर्ष 2013-14 के दौरान संपूर्ण भारत का औसत प्रवास समय 10.95 दिन था। यद्यपि, लेखापरीक्षा द्वारा प्रोजैक्ट इंपोर्ट माल की निकासी में विलंब देखा गया है ।

तालिका सं. 10: प्रोजैक्ट इंपोर्ट माल की निकासी में विलम्ब

पोर्ट	मामलों की सं. जिनमें विलंब देखा गया	विलंब रेंज	औसत विलंब (दिनों में)
चेन्नै	52	27 और 297 दिन	61
एनसीएच, मुंबई	18	16 और 109 दिन	25
जेएनसीएच, मुंबई	18	28 और 158 दिन	50
एसीसी, नई दिल्ली	13	16 और 54 दिन	27
आईसीडी/टीकेडी	8	18 और 80 दिन	39
आईसीडी सीटि बैंगलोर	7	56 और 100 दिन	70

इस प्रकार, यद्यपि, आयात प्रक्रियाओं की तर्कसंगतता, सीबीइसी/डीजीएफटी द्वारा स्वीकृत विभिन्न उपाय अपनाये गये, फिर भी पोर्ट पर प्रोजेक्ट इंपोर्ट मंजूरियों की लेखापरीक्षा नमूना जांच में काफी अधिक विलम्ब पाये गये।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब में कहा (दिसम्बर 2016) कि प्रविष्टि बिल दाखिल करने के समय से लेकर ओओसी के समय तक डवेल टाइम लिया गया है। यहां संदर्भित डवेल टाइम में आयातकों द्वारा लिया गया समय भी शामिल किया जा सकता है। कई बार देरी में विभागीय अधिकारियों को

जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, समय पर दस्तावेज प्रस्तुत न करना और आयातको द्वारा ड्यूटी के भुगतान में ले लिया गया समय देरी का कारण होता है । चूंकि निकासी में दलों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न दस्तावेजों, बांड के डेबिट और मैन्युअली रजिस्टर में आवश्यक विवरण की प्रविष्टि के सत्यापन की आवश्यकता होती है, इससे डीवेल टाइम में वृद्धि हो सकती है । तथापि, तुरंत निकासी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

डीओआर ने यह सुझाव दिया कि समय मूल्यांकन के लिए ले लिया गया समय अर्थात प्रवेश बिल दाखिल करने और मूल्यांकन के बीच लिया गया समय और ओओसी के लिए लिया गया समय अर्थात डोकसीएफएस पर माल / के पंजीकरण और ओओसी के समय तक एक अध्ययन के।

डीओआर (दिसम्बर 2016) द्वारा प्रस्तुत आयुक्तालयवार तथ्यागत सूचना परीक्षाधीन है।

5.2 जटिल दस्तावेजीकरण के कारण अपर्याप्त सुविधा और विलम्ब

जटिल दस्तावेजीकरण प्रक्रिया के कारण विलंब रोकने के लिए दस्तावेजों की संख्या में कमी करना विभाग द्वारा किये गये व्यापार सुविधा उपायों में से एक है।

दस्तावेजों की संख्या में कमी करने के संदर्भ में पीएसी (2015 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट सं. 13) को अपनी प्रस्तुत डीओआर ने कहा गया है कि सीमा शुल्क मंजूरी से संबंधित अधिकतर गतिविधियां पहले ही स्वचालित हैं। मैन्यूल इंटरफेस कम करके और अन्य सहभागी नियामक एजेंसी के साथ संदेश भेजने-प्राप्त करने के ऑलनाईन सत्यापन द्वारा मैन्यूल दस्तावेजीकरण कम करके/बदल कर बिजनैस को सरल करने के कार्य को बढ़ावा दिया गया है।

पीआईआर 1986 के नियम 5 के अंतर्गत, प्रोजैक्ट इंपोर्ट के अंतर्गत निर्धारण दावों के इच्छुक आयातक को विभिन्न दस्तावेजों जैसे औद्योगिक लाइसेंस, एसएसआई प्रमाण पत्र, प्रायोजक प्राधिकरण से सिफारिश पत्र, संयंत्र डिजाईन और स्थिति, सामान की सूची के साथ ठेके को पंजीकृत कराने की आवश्यकता होती है। पीआईआर 1986 के नियम 7 के अनुसार, आयातक को घरेलू खपत के लिए आयात की अंतिम खेप के आयात को प्राधिकृत रूप में तीन महिनों के अंदर या विस्तारित अवधि में मूल्य और सामान की मात्रा के संबंध में

प्रमाण के रूप में अन्य सहायक दस्तावेजों के रूप में आयातित माल के विवरण दर्शाते हुए पुनर्मिलान विवरण प्रस्तुत करने आवश्यक होते हैं।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से ज्ञात हुआ कि 15 कमिश्नरियों[43] में, 164 ठेकों में, आयातकों ने पूर्नर्मिलान विवरण/अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये या तीन महीनों से अधिक विलंब के साथ उक्त दस्तावेज प्रस्तुत किये गये जिसके परिणामस्वरूप ठेकों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में विलंब हुआ। ठेकों में लगाया गया सीआईएफ मूल्य ₹ 20507.91 करोड़ और पूर्व निश्चित शुल्क ₹ 2789.12 करोड़ था।

एनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी में, ₹ 7,296.22 करोड़ के सीआईएफ मूल्य सहित 124 आयातकों के 275 ठेके थे, जो 1993 और 2015 के बीच पंजीकृत किये गये थे और आवश्यक दस्तावेजों के गैर-प्रस्तुतीकरण के कारण लंबित थे। 275 ठेकों में से, 108 ठेके सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयूज) संबंधित है। पीएसयूज में से दो आयातकों[44] ने सबसे अधिक अननुपालना की है जिन्होंने क्रमश: 74 और 22 ठेकों में अपने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जिसके कारण वर्ष 1994 और 2009 से सम्बन्धित ₹ 4,142.21 करोड़ और ₹ 1,226.21 करोड़ के ठेका मूल्य को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

जेएनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी में चयनित ठेकों में, लेखापरीक्षा द्वारा ₹ 2,092.80 करोड़ के सीआईएफ मूल्य तथा ₹ 73.66 करोड़ के पूर्वनिश्चित शुल्क सहित अंतिम रूप देने के लिए दस्तोवजों के विलंब/गैर-प्रस्तुतीकरण के 33 मामले पाये गये। इन मामलों में, विलंब औसत 976 दिनों तक है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि किसी भी कमिश्नरी ने दिनांक 4 मई 2011 के सीबीइसी परिपत्र में विनिर्दिष्ट किये जाने के अनुसार निर्धारित अवधि में दस्तावेजों के गैर-प्रस्तुतीकरण/अपूर्ण प्रस्तुतीकरण के मामले में जुर्माने के उद्ग्रहण के लिए कोई पहल नहीं की।

---

[43] अहमदाबाद, बैंगलोर (सीटी) आईसीडी, चेन्नै समुद्र सीमाशुल्क, कोचीन, हैदराबाद, जामनगर, कांडला, कानपुर, कोलकाता, लुधियाना, मुम्बई (जेएनसीएच), मुम्बई (एनसीएच), नई दिल्ली (एसीसी), नोयडा और विशाखापटनम

[44] मै. भारत हेवी इलैक्ट्रिकल लिमि. (भेल) और मै. गैस अथारिटी ऑफ इंडिया लिमि. (गेल)

राजस्व विभाग द्वारा (दिसम्बर 2016) आयुक्तालय वार प्रस्तुत तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है।

इसे इंगित किये जाने पर (मई 2016), एनसीएच मुम्बई कमिश्नरी ने कहा (मई 2016) कि कमिश्नरी आयात की प्रगति, माल के लगाये जाने, परियोजना के पूर्ण होने पर निगरानी रखने में समर्थ नहीं है। इसलिए, प्रोजैक्ट इंपोर्ट की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, एक तिमाही रिपोर्ट (क्यूपीआर) तैयार की गई है और दिनांक 22 मार्च 2011 के सार्वजनिक नोटिस द्वारा अधिसूचना दी गई।

जेएनसीएच, मुम्बई कमिश्नरी मे तीन मामलों में से दो[45] के उत्तर में कहा गया (जून और जुलाई 2016) कि इन मामलों ने कमिश्नर आयातो के पूरा होने के विषय से अवगत नहीं था और संबंधित आयातको ने विभिन्न बंदरगाहो से परेषण की मंजूरी दी थी।

जबकि, वरिष्ठ स्तर पर विशेष रूप से आयातित परियोजना के पूर्ण होने की बेहतर मॉनीटरिंग और अनुबंध को समय पर अन्तिम रूप दिया जाना योजना की बेहतर कार्य-पद्धति के लिए अनिवार्य है, इस बात की भी समीक्षा करना और परियोजना के आयात के लिए प्रलेखन प्रक्रिया को सरल बनाने की भी आवश्यकता है जिसके परिणामस्वरूप यह अनिश्चित अवधि के लिए अनुबंध को अन्तिम रूप देने में विलम्ब का कारण बनाता है।

सिफारिशः लेखापरीक्षा सिफारिश करती है कि मंत्रालय आवश्यकताओं को सरल बनाने के उद्देश्य से परियोजना आयात योजना के अंतर्गत अपेक्षित दस्तावेजों की मात्रा की समीक्षा पर विचार कर सकता है।

बोर्ड ने बहिर्गमन बैठक के दौरान कहा (19 दिसम्बर 2016) कि आयात के पूर्व और पश्चात के चरणों के लिए नियमन में विनिर्दिष्ट दस्तावेज यथोचित हैं। यद्यपि, मंत्रालय वरिष्ठ स्तर पर अति सर्तकता पूर्वक मानीटरिंग की आवश्यकता पर लेखापरीक्षा के साथ सहमत है।

[45] परियोजना आयात /2016-17/एएम सं. 19 दिनांक 03.05.2016 पर लेखापरीक्षा ज्ञापन सं. सीआरए/जेएनसीएच/पीए का उत्तर और परियोजना आयात/2016-17/एएम सं. सीआरए/जेएनसीएच/पीए का उत्तर

लेखापरीक्षा का मानना है कि, व्यापार सुविधा और व्यवसाय की सुगमता को प्रोत्साहित करने के लिए आयातकर्ता द्वारा पंजीकरण और अनुंबध को अन्तिम रूप देते समय दस्तावेजो के अनेक सेट प्रस्तुत किये जाने की आवश्यकता की समीक्षा करना और इसे युक्ति संगत बनाया जाना चाहिए।

5.3 बीई के अस्थायी निर्धारण को लंबित/अंतिम रूप न देना

अध्याय-5 के 5.3 पैराग्राफ के अनुसार आयतित, आकलन, जहां पीएसवी की आवश्यकता नहीं है, तीन माह की अवधि के अन्दर और जहां पीएसवी की आवश्यकता है ,छः माह की पीएसवी की आवश्यकता है। आयातकर्ता द्वारा पुर्न मिलान विवरण और अन्य दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के बाद हैं, अनुबंध के पंजीकरण के बंदरगाह के अतिरिक्त अन्य से जहां आयात बदरंगाहो से प्रभावित है ऐसे मामलों में विलम्ब से बचने के लिए बोर्ड के दिनांक 4 मई 2011 के परिपत्र मे निर्देशित किया था कि संबंधित कस्टम हाऊस एजेंट और कमिश्नरी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बिना किसी अनुचित विलम्ब के बीईस को अन्तिम रूप दिया जाये।

छः कमिश्नरी[46] के अभिलेखों की संवीक्षा से पता चलता है कि 23 परियोजना संविदाओं से संबंधित 633 बीईस के अस्थाई आकलनों के अन्तिमकरण में विलम्ब हुआ है (सीआईएफ मूल्य ₹ 8,708.16 करोड़)। बदंरगाह से आयातकों से प्रभावित आयात के गैर-अन्तिम रूप देने, के कारण बंदरगाह पंजीकरण के के अलावा अन्य विशेष कारणों से अधिक विलम्ब हुआ था।

मामलें को नीचे उदाहरण से स्पष्ट किया गया है:

कोलकाता कमिश्नरी में, आठ संविदाओं को सम्मिलित करते हुए 81 बीईस का अस्थायी आकलन किया गया था (सीआईएफ मूल्य ₹ 840.65 करोड़) छः आयतकर्ताओ से संबंधित पुनः मिलान प्राप्ति और अन्य दस्तावेज कोअन्तिम रूप देने के बावजूद अन्तिम रूप दिया गया था। इन मामलों में, 31 मार्च 2016 तक पुर्न मिलान विवरण और अन्य दस्तावेजों के प्रस्तुत करने के छह माह के अवसान की गणना में औसत विलम्ब 952 दिनों का था।

[46] अहमदाबाद, एसीसी बैंगलोर, भुवनेश्वर—1 (प्रदीप डिविजन), मुम्बई जेएनसीएच, मुमबई एनसीएच, कोलकता

राजस्व ने अपने जवाब में बताया (दिसम्बर 2016) कि यद्यपि समाधान विवरणी प्रस्तुत कर दी गई, अन्य दस्तावेज जैसे विभाग प्रमुख (पीएसयुज में) और स्वतन्त्र चार्टर्ड हंजीनियर द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र, बैंक प्रेषण प्रमाण पत्र, खरीद आदेश स्वीकृति पत्र आदि जैसे अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने है । मैसर्स पैराक्सया इंडिया लिमिटेड के मामले में अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त करने के पश्चात अन्तिम रूप दे दिया गया है ।

राजस्व विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि उन मामलों में जहां अपेक्षित विवरण्/दस्तावेज समय पर प्रस्तुत नहीं किए गए है या अधूरे प्रस्तुत किए गए है, तो इस संबंध में लागू वचनबद्धता के लिए आवश्यक कार्रवाई निष्पादित रोकड़ प्रतिभूति/ बैंक गारंटी शुल्क की मांग हेतू नोटिस जारी करना, विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन के लिए शास्ति दिनांक 4 मई 2011 के परिपत्र के अनुसार आयातकों के विरूद्ध प्रारंभ की गई । किसी भी मामलें में ऐसी कार्रवाई की गई नहीं पाई गई थी । इसके अलावा मैसर्स पैराक्सया इंडिया लिमिटेड द्वारा पंजीकृत करार को 53 दिनों के विलम्ब के बाद अंतिम रूप दे दिया गया था (09.02.2015 को दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और 10.09.2015 को अन्तिम रूप दिया गया) अहमदाबाद, बैंगलुरू, भुवनेश्वर, एनसीएच और जेएनसीएच, मुम्बई आयुक्तालयों के संबंध में राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रियाएं संवीक्षाधीन है ।

5.4 परियोजना ठेके को विलम्ब से/अंतिम रूप न देना

परियोजना संविदाओं मे विलम्ब/गैर-अंतिमकरण दिनांक 4 मई 2011 के परिपत्र के अनुसार, आकलनो का अन्तिमकरण परियोजना आयातों के अन्तर्गत आयातकर्ताओ द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की तिथि से 60 दिनों की अवधि के अन्तर्गत पूरा कर लिया जाना चाहिए। यद्यपि, असाधारण परिस्थतियों में जहां औचित्यपूर्ण कारणों से समय सीमा के अन्तर्गत अन्तिमकरण को पूरा करना सम्भव न हो तो सीमाशुल्क के क्षेत्राधिकार आयुक्त के द्वारा समय सीमा मे विस्तार किया जा सकता है इस प्रकार की अतिरिक्त अवधि के लिए उनके द्वारा निर्णय लिया जा सकता है और कारण लिखित रूप से अभिलिखित किया जाता है।

पीआईआर, 1986 के अधिनियम *7* के तहत, जहां अपेक्षित विवरण/दस्तावेज को समय पर पूर्ण रूप से जमा नहीं किया गया हो, तब बॉड/वचनबद्धता को

लागू करने के लिए, नकदी सुरक्षा/इस संबंध मे निष्पादित बीजीस शुल्क की मांग के लिए निर्गत नोटीस, और अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने से दण्ड हेतु आवश्यक कार्रवाई आयातकर्ता के विरूद्ध प्रारम्भ की जा सकती है।

भारतीय निर्यात संगठन संघ (फिओ)[47] द्वारा एक अध्ययन में, यह कहा गया था कि आकलन आयातक द्वारा वाछिंत दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के 60 दिनों के अन्दर पूर्ण रूप से सीबीईसी इकाइयों में लागू नहीं किया गया। अतः इन प्रावधानों को कार्यान्वयन करने हेतु वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा निगरानी करना आवश्यक है।

परियोजना आयात संविदा के अन्तिम रूप देने के लिए संबंधित अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा की गयी जिससे पता चलता है कि 11 कमिश्नरी[48] में 55 संविदाएं ₹ 4,004.63 करोड़ मूल्य के सीआईएफ सहित, और सीमा शुल्क द्वारा या तो अन्तिम रूप नहीं दिये गये या पर्याप्त विलम्ब के साथ इसको अन्तिम रूप दिया गया। इन मामलों में औसत विलम्ब 958 दिनो का था **(परिशिष्ट 5)।**

कुछ दृष्टांत मामलों का नीचे विस्तृत विवरण दिया गया हैं:

(i) कोलकत्ता कमिश्नरी में, पीआईआर 1986 के अन्तर्गत[49] माल आयात के लिए फरवरी 2003 और मार्च 2013 के बीच नौ आयातकर्ताओं[50] द्वारा संविदाऐं पंजीकृत की गयी थी । 12 संविदाऐं, समाधान-विवरण की प्राप्ति के बावजूद अन्तिमकरण के लिए लम्बित थे और अन्तिमकरण के लिए दस्तावेजों की प्राप्ति की तिथि से 153 दिनों के बाद एक संविदा को अंतिम रूप दिया गया था। यद्यपि, संविदाओं को अन्तिम रूप देने के लिए दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण के लिए/अंतिम रूप देने के लिए समय को संबंधित प्राधिकारी के द्वारा मामलें में से किसी को भी विस्तारित नहीं किया गया था। इस मामलों में औसत विलम्ब 1160 दिनों का था।

---

[47] दिनांक 13.07.2016 की रिपोर्ट

[48] बैंगलोर एसीसी, चैन्नई सागर सीमाशुल्क, हैदराबाद एसीसी, कानपुर, कोलकत्ता, मुम्बई एनसीएच, मुम्बई जेएसीएच, नई दिल्ली एसीसी, नोएडा, पड़पड़गंज आई सीडी एण्ड अन्य आईसीडीएस- दिल्ली, विशाखापट्टनम्।

[49] मैसर्स/भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. और आठ अन्य आयातकर्ता।

[50] मैसर्स पैराएक्स इंडिया प्रा. लि.

विलम्ब के कारणों की समीक्षा करने पर पता चला कि आठ मामलों में, दस्तावेजों की प्राप्ति के बावजूद कोई कार्रवाही नहीं की गयी थी जबकि तीन मामलों में दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, दो मामलों में, सीमा शुल्क प्राधिकारियों से बिलों की प्रविष्टि के आकलन को अन्तिम रूप देने के संबंध में जहां आयातकर्ताओं के द्वारा परियोजना आयात माल आयतित किये गये थे में उत्तर की गैर-प्राप्ति के कारण अन्तिमकरण लम्बित था।

इस प्रकार, परियोजना संविदा मामलों को अन्तिम रूप देने के लिए घटना क्रम का गैर-अनुपालन न केवल बोर्ड के अनुदेशो के विपरीत था लेकिन यह भी परियोजना आयातो के अन्तर्गत शुल्क रियायत के माध्यम से लाभ लिये गये ₹ 30.76 करोड़ के राजस्व के गैर-समाधान-विवरण के परिणामस्वरूप था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतिक्षित है (दिसम्बर 2016)

(ii) चैन्नई समुद्र सीमा शुल्क कमिश्नरी के तहत पांच अन्तिम रूप दिये हुए मामलों में (सीआईएफ ₹ 73.46 करोड़) संविदा को अन्तिम रूप देने मे औसत विलम्ब 380 दिनों का था। एक मामलें में, टीआरएस के तहत एअर कार्गो, चैन्नई के माध्यम से किये गये आयात से संबंधित विलम्ब दो वर्षों का था और बीईस को एअर सीमाशुल्क द्वारा अन्तिम रूप दिया जाना था।

टीआरए मामलों में, अन्तिमकरण में विलम्ब हो गया था जैसा कि संबंधित बंदरगाहों के द्वारा जहां टीआरए पंजीकृत है। प्रविष्टि बिलों को अन्तिम रूप दिया जाना आवश्यक है। संविदाओं को अन्तिम रूप देने में विलम्ब से बचने के लिए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त, ₹ 2,306.99 करोड़ के सीआईएफ मूल्य सहित 49 संविदाओं में, संविदाओ को अन्तिम रूप देने के लिए 2005 और 2015 के बीच दस्तावेज कमिश्नरी को प्रस्तुत किये गये थे परन्तु कमिश्नरी ने अभी तक संविदाओं को अन्तिम रूप नहीं दिया था। इन 49 मामलों मे से, 22 संविदाऐं (45 प्रतिशत) पांच वर्षों से अधिक समय से अन्तिमकरण के लिए लम्बित थे।

मंत्रालय का उत्तर परीक्षाधीन है (दिसम्बर 2016)।

(iii) दिल्ली कमिश्नरी के आईसीडी पंडपड़गंज में, एक आयातकर्ता[51] ने हरियाणा के रेवाड़ी मे सेफ्टी टेम्पर्ड ग्लास के विनिर्माण करने के पर्याप्त विस्तार करने के लिए, ₹ 26.62 करोड़ की सीआईएफ के तीन प्रोजेक्ट आयात संविदाओं को (दिसम्बर 2004, जुलाई और अगस्त 2005) पंजीकृत किया था। दिसम्बर 2005 में अन्तिम आयात के बाद, आयातकर्ता ने सामाधान-विवरण, बीईस और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज जुलाई 2006 मे प्रस्तुत किये गये थे। पीएसवी भी फरवरी 2008 मे आयोजित की गयी थी।

कमिश्नरी ने इन तीन मामलों को अन्तिम रूप देने में (दिसम्बर 2014) कस्टम के संबंधित अधिकार क्षेत्र कमिश्नर के द्वारा मामलें को अन्तिम रूप देने के लिए समय-सीमा को विस्तारित करने के लिए किसी भी अनुमति को प्राप्त किये बिना छह वर्षों से अधिक का समय लिया था।

राजस्व विभाग द्वारा दी गई आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है (दिसम्बर 2016)।

सिफारिश: लेखापरीक्षा सिफारिश करता है कि संविदाओ को अन्तिम रूप देने में विलम्ब से बचने के लिए, बंदरगाह के पंजीकरण के लिए टीआरए बंदरगाहो से टीआरए आकंलन (बीईस) के इलेक्ट्रॉनिक संचरण की सम्भावना की तलाश द्वारा बोर्ड अन्य बंदरगाहो के माध्यम से प्रभावित आयातो को मॉनीटर करने और प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनायेगा।

बोर्ड ने बहिर्गमन बैठक के दौरान बताया था (19 दिसम्बर 2016) कि पीआईआर मे परिवर्तन के आधार पर एक परियोजना प्रबंधक मापक, बंदरगाह पंजीकरण के लिए टीआरए बन्दरगाहों से टीआरए कर निर्धारण (बीईस) के इंलेक्ट्रानिक संचरण सहित 1.5 आईसीईएस में विकसित किये जायेगें।

5.5 लेनदेन लागत

लेन-देन लागत में, घरेलु और अन्तर्राष्ट्रीय दरों पर क्रेडिट की अंतर लागतें, प्रक्रियात्मक विलम्ब उदाहरणार्थ-कस्टम निकासी के लिए समय और कार्गों हैंडलिंग, सड़क, रेल, बंदरगाह, विमान पतन की खराब-संयोजकता के कारण परिवहन मे विलम्ब/परिवहन की लागतें, नकदी सुरक्षा, कार्यरत पूंजी

[51] मैसर्स असाही इंडिया ग्लास लि.

आवश्यकता आदि सहित आवश्यक निधियों की लागत और अनुपालन की लागत यथा प्रायोजन प्राधिकारी से संस्तुतियो की आवश्यकता, माल की मूल्य के 2 प्रतिशत की राजस्व जमा के साथ-साथ अस्थायी शुल्क बॉड, समाधान-विवरण को जमा करना, कस्टम द्वारा कार्य-स्थल का सत्यापन आदि सम्मिलित है।

यद्यपि पीएचडीसीसीआई[52] द्वारा सर्वेक्षण किया गया और यह प्राक्कलित किया गया कि इस योजना के अन्तर्गत कुल परियोजना आयातो की लेन-देन लागतें 5-14 प्रतिशत तक की थी जो कि सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं के द्वारा उदधृत एक बड़ी समस्या है।

तालिका. 11: उदयोग खंड के अनुसार संत्यवहार लागतों का ब्रेक-अप

क्रम. सं.	शीर्ष	बडे (प्रतिशत में)		मध्यम (प्रतिशत में)	औसत (प्रतिशत में)
		सार्वजनिक	निजी		
1	अन्तर्राष्ट्रीय और घरेलु दरों पर क्रेडिट की अंतर लागतें	2	3	3	2.7
2	प्रक्रियात्मक विलम्ब उदाहरणार्थ-कार्गो हैंडलिंग और कस्टम मंजूरी के लिए समय	1-2	2	2-3	1.6
3	सड़क, रेल, बंदरगाह, विमानपतन की खराब संयोजकता के कारण परिवहन की लागते/परिवहन मे विलम्ब	1-2	1-2	1-2	1
4	नकदी सुरक्षा, कार्यरत पूंजी आवश्यकता आदि सहित आवश्यक निधियों की लागत	-	4	6	3.3
5	अनुपालन की लागत यथा प्रयोजन प्राधिकारी से संस्तुतियों की आवश्यकता, माल के मूल्य के 2 प्रतिशत के राजस्व जमा के साथ-साथ अस्थायी शुल्क बॉड, सामाधान-विवरण का जमा, कस्टम के द्वारा कार्यस्थल का सत्यापन आदि	-	1	2	1
कुल		**5**	**11**	**14**	**9.6**

स्रोत: पीएचडीसीसीआई, सीटीएच 9801 के अन्तर्गत परियोजना आयातो पर सर्वेक्षण, मई 2016

यथा लघु उपक्रमो का सर्वेक्षण किया गया वे योजना का लाभ नहीं उठा रहे है, लघु उपक्रमो के लिए लेन-देन लागतों को निर्धारित नहीं किया जा सकता

जैसा उपरोक्त तालिका में देखा गया, प्रक्रियात्मक विलम्बों पर लागतें जैसे-विचार करने का समय और प्रॉविजनल आकंलन के अन्तिमकरण में विलम्ब कुल लेन-देन लागतों का औसत 2 प्रतिशत बनता है। इसके अतिरिक्त, 11

[52]प्रतिवेदन दिनांक 15.07.2016

प्रतिशत पर निजी क्षेत्र के द्वारा सूचित लेन-देन लागते 5 प्रतिशत पर सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के द्वारा सूचित लेन-देन लागतों की तुलना मे बहुत अधिक हैं।

पीएचडीसीसीआई सर्वेक्षण के अनुसार, मध्यय और लघु क्षेत्र उत्तरदायियों के फीडबैक से पता चलता है कि सीटीएच 9801 के तहत आयात की प्रक्रिया जटिल हो जाती है यथा-

I. वे इतने अधिक अनुपालन और थकाऊ प्रक्रिया के साथ बैंको से वित्तीय का प्रबंधन करते है।

II. उनको अधिकतम ₹ 1 करोड़ मानदंडो के अधीन सीआईएफ मूल्य के कम से कम दो प्रतिशत पूरा करना है जो सभी ईकाईयो के लिए व्यवहार्य नहीं है।

यद्यपि, लाभ केवल तीन प्रतिशत हे जैसा कि सामान्य आयात के अन्तर्गत शुल्क और उगाही 26.5 प्रतिशत हैं और परियोजना आयात योजना 9801 के अन्तर्गत शुल्क और उगाही 23.5 प्रतिशत हैं। परन्तु लेन-देन लागतें बैंक से प्राप्त वित्त सहित, बीजी के ₹ 1 करोड़ मानदंड लागभग 14 प्रतिशत पर आते है। इसलिये लागत-लाभ विशलेषण सीटीएच 9801 के अन्तर्गत आयात के लिए प्रतिकूल हो गये है जब तक कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से तकनीकी विशेषज्ञता और मशीनरी आयात के लिए कुछ तकनीकी की आवश्यकता है जो कि भारत के साथ तुलना करने में लागत-प्रतियोगी भी है।

मंत्रालय का उत्तर प्रतिक्षित है (दिसम्बर 2016)।

सिफारिशः लेखापरीक्षा सिफारिश करती है कि मंत्रालय परियोजना आयात योजना से जुड़ी उच्च लेन-देन लागत से संबंधित कारकों की समीक्षा करे और अन्य योजनाओं (जैसे ईपीसीजी) की तुलना में योजना के लाभ की तुलना करे।

बोर्ड ने बहिगर्मन बैठक (19 दिसम्बर 2016) तथा राजस्व विभाग के अपने उत्तर (26 दिसंबर 2016) में कहा कि परियोजना आयात योजना किसी भी निर्यात दायित्व से नहीं जुडी है और इसका अपना विशिष्ट लाभ है। अधिनिमों की समीक्षा को प्रक्रियात्मक सरलीकरण के उद्देश्य के साथ और आईसीईएस

1.5 में स्वचालन के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रारम्भ किया जायेगा। इससे लेन-देन लागत में कमी आ जायेगी।

5.6 योजना की जागरूकता

पीएचडीसीसीआई सर्वेक्षण से पता चला है कि प्रतिवादियों के बीच, सीटीएच 9801 के अन्तर्गत बड़े उपक्रम परियोजना आयात योजना से सबसे अधिक 14 प्रतिशत अवगत है जबकि बड़े आयातर्कताओं से प्रतिवादियों ने 10 प्रतिशत योजना का लाभ उठाया था। मध्यम उपक्रमों में से, केवल 5 प्रतिशत प्रतिवादी ही योजना से अवगत हैं जबकि केवल 2 प्रतिशत ने इसका लाभ उठाया। दूसरी ओर लघु उपक्रमों से उत्तरदायी, बहुत कम इस योजना से अवगत थे (2 प्रतिशत) जबकि सर्वेक्षण के अनुसार, किसी ने भी योजना का लाभ नहीं लिया हैं।

तालिका सं.. 12: इस योजना के बारे में अवगत प्रतिवादी फर्मो का प्रतिशत और इसका लाभ उठाना

क्रम. सं.	परिचालन के मापन	योजना के बारे में जागरूकता (प्रतिशत में)	योजना का लाभ उठाना (प्रतिशत में)
1	बडे उपक्रम	14	10
2	मध्यम उपक्रम	5	2
3	लघु उपक्रम	2	0

स्रोत: पीटीएच 980, मई 2016 के तहत परियोजना आयात पर पीएचडी अनुसंधान ब्यूरो, सर्वेक्षण., नोटः ऑकडों को राउनडीड ऑफ किया गया हैं

सर्वेक्षण के अनुसार, सर्वेक्षण की गयी ईकाईयों के बीच, केवल 10 प्रतिशत बड़े उपक्रमो और दो प्रतिशत मध्यम उपक्रमों के द्वारा इस योजना को उपयोग करने की सूचना दी गयी थी। 88 सर्वेक्षणों में से किसी भी छोटे पैमाने के उपक्रमों ने इस योजना से लाभ उठाने की सूचना नहीं दी थी।

मंत्रालय का उत्तर प्रतिक्षित है (दिसम्बर 2016)

5.7 निष्कर्ष

हांलाकि, परियोजना आयात योजना का उद्देश्य आयातों को सुविधा प्रदान कर तीव्र बनाना था, लेखापरीक्षा में पाया गया कि कारक जैसे-बंदरगाहों पर रहने के औसत समय से अधिक, भारी-भरकम दस्तावेज, प्राविजनल आकलन में विलम्ब और प्रक्रियाओं के लिए सरलीकरण के लिए योजना के उद्देश्य का लाभ उठाने के लिए संविदा को अन्तिम रूप दिया गया है।

अध्याय 6: मॉनिटरिंग, समन्वय और आंतरिक नियंत्रण

विभिन्न विभागों और उनके क्षेत्र संरचनाओं और आंतरिक नियंत्रण तंत्र जैसे रिपोर्ट, रिटर्न, सूचना, संचार के बीच समन्वय योजना कार्यान्वय की निगरानी के लिए सीबीईसी और डीओआर के द्वारा औचित्य और प्रक्रियाओं की पर्याप्ता, डेटा को सही स्थान पर प्रयोग करने के प्रबंधन प्रक्रियाओं पर यह भाग केन्द्रित है। नीचे टिप्पणियां विषयों पर प्रकाश डालती है जहां निगरानी और नियंत्रण को कमजोर पाया गया है, समन्वय व्यवस्था को पुष्ट करने की आवश्यकता है।

6.1 ईडीआई प्रणाली में परियोजना आयात डाटा प्रबंधन

सीएजी, ने अपनी पूर्व निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में (2009-10 की एआर सं.24), उचित लेखांकन को विकास करना और मॉडयूल की निगरानी और परियोजना आयातो की प्रभावी निगरानी की सुविधा के लिए ईडीआई प्रणाली के साथ इनको एकीकृत करने की सिफारिश की थी। जवाब में, सीबीईसी ने परिपत्र दिनांक 4 मई 2011 के द्वारा सूचित किया कि इस मामले को आगे कार्रवाई के लिए महानिदेशक, प्रणाली के समक्ष रखा गया था।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में केन्द्रीकृत बॉण्ड प्रबंधन मॉड्यूल, आईसीएस 1.5 में परियोजना प्रबंधन मॉड्यूल के निर्माण की सिफारिश के साथ सहमत हैं। हालांकि, यह पीआईआर की गहन समीक्षा के बाद उठाया जाएगा।

6.1.1 ईडीआई प्रणाली में अपूर्ण परियोजना आयात डेटाः संविदा के पंजीकरण के समय, आयातर्कताओं को दस्तावेजो का एक निर्धारित सेट प्रस्तुत करना हैं, जिसमें परियोजना के महत्वपूर्ण विवरण जैसे-परियोजना का नाम और स्थान, परियोजना कार्यन्वयन एजेंसी-सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/निजी, प्रायोजन प्राधिकारी का नाम, परियोजना का मूल्य और माल और सेवाओं की लागत का ब्रेक-अप, प्रायोजन प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित आयात करने के लिए वस्तुओं की सूची और परियोजना से सम्बन्धित संविदा/उप संविदा का विवरण सम्मिलित है। कमिश्नरी स्तर पर, संविदा रजिस्टरो में मैन्युअली रूप से सूचना को अधिकृत किया जाता है जैसे-एक संविदा की यूनिक पंजीकरण

संख्या और तिथि, संविदा की सीआईएफ मूल्य, संविदा में संशोधन, संविदा के संबंध मे अनुमत आयातो का विवरण (मूल्य और मात्रा) और मूल्य शुल्क का परित्याग आदि।

अनेक संविदाओं के माध्यम से अर्थात माल और संयंत्रों का आयात, स्वदेशी क्रयों, सेवाओं का प्रतिदान आदि एक परियोजना के अन्तर्गत आयात सामान्यतः स्थान ले लेती है और इन संविदाओं में से प्रत्येक देश भर मे आयात करने के लिए किसी भी कस्टम कमिश्नरी में पंजीकृत हो सकती है। एसीसी, नई दिल्ली, चैन्नई, कान्डला, कोलकत्ता, मुंद्रा और एनसीएच, मुम्बई कमिश्नरीयों की लेखापरीक्षा में पाया गया कि बोर्ड के आश्वासन के बावजूद, ईडीआई व्यवस्था में परियोजना आयात व्यवस्था के अन्तर्गत विशिष्ट परियोजना के लिए अनिवार्य प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आयातो को अधिकृत करने के लिए कोई भी प्राधिकृत क्षेत्र नहीं है। ईडीआई व्यवस्था में किसी भी प्राधिकृत क्षेत्र के आभाव निम्नलिखित को निर्दिष्ट करता है:-

- प्रणाली किसी भी समय पर विशेष परियोजना आयात मामले के अन्तर्गत किए गए कुल आयात की विस्तृत रिपोर्ट बनाने में असमर्थ है।
- बंदरगाह पर परियोजना का पंजीकरण और अन्तिम करण मैन्युअली किया गया।
- प्रणाली में विशेष परियोजना के अन्तर्गत किए गए आयात को बनाए रखने के लिए (मूल्य अनुसार, मात्रा अनुसार और विशिष्टता अनुसार) समान केन्द्रीकृत बही खाता नहीं है।
- निर्गत परामर्शों (आरए), जहां आयातकर्ता द्वारा माल आयात करने के प्रयोजन के मामले में अन्य के अतिरिक्त बंदरगाह पंजीकरण मैन्युअली जारी किये गये और मॉनीटरिंग किये गये है। इसके अतिरिक्त, आरएस की प्रमाणिकता को मैन्युअली सत्यापित किया गया अर्थात पंजीकृत बंदरगाह मैन्युअली के अतिरिक्त अन्य आयातो के संबंध में कमिश्नरी अभी भी अंततः बीईस आकलन एकत्र कर रहा है, जो कि मामलें को अन्तिम रूप देने मे विलम्ब की ओर ले जाता है जहां परियोजना अन्तिम रूप दिये जाने के स्तर पर है। इसके अतिरिक्त संवीक्षा से पता चलता है कि कमिश्नरी ने संविदा को अंतिम रूप देने के लिए

आरए बंदरगाह से एक अथवा दो बीईस की मांग की और इन बीईस की स्थिति में अभाव के कारण, परियोजना अनिश्चित अवधि के लिए अंतिमरूप दिये बिना पड़ी रही थी। इस प्रकार, ईडीआई प्रणाली में जहां आरए निर्गत किये गये थे वहां अन्य बंदरगाह से अन्तिम बीईस आंकलन बनाने के लिए कोई उपकरण नहीं है।

परियोजना के संबंध में पूर्ण सूचना के अभाव में, कमिश्नर के द्वारा संविदा परियोजना को अन्तिमरूप देने और आयात-सामग्री की निगरानी के लिए जटिल कार्य और समय लेने वाली प्रक्रिया है ।

मंत्रालय का उत्तर प्रतिक्षित है (दिसम्बर 2016)।

6.1.2 बॉड मैन्युअल में बॉडस का गलत डेबिट: पीआईआर, 1986 के अधिनियम 5(4) के अनुसार, आयातकर्ता द्वारा संविदा के पंजीकरण के संबंध में उचित अधिकारी द्वारा जिस प्रकार की आवश्यकता हो उसी प्रकार के दस्तावेजों और अन्य विवरणों को प्रस्तुत करना है जिसमें नकदी सुरक्षा जमा के साथ पूरक बॉड सम्मिलित है। पूरक बॉड संविदा को पंजीकरण करने की मांग की सीआईएफ मूल्य की राशि के बराबर बनाया जाना चाहिए।

कमिश्नरी में माल के आयात के समय परियोजना समुह के द्वारा प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है, कि समूह को विवरण मूल्य और आयातित माल की मात्रा के साथ-साथ पंजीकृत विवरण, मूल्य और मात्रा की जांच करना अनिर्वाय है और आगम पत्र का अस्थायी रूप से आंकलन किया गया। समूह माल का विवरण और उनका मूल्य परियोजना संविदा रजिस्टर मे नोट करके रखता है।

आईसीईएस 1.5 प्रारम्भ करने के बाद, बॉड मॉड्यूल में बीई के संबंध में किये गये आयातो की सीआईएफ मूल्य के बराबर बॉड के डेबिट करने के मूल्य के द्वारा प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। ऐसे मामलों में जहां टेलीग्राफी रिलीज एडवाइस (टीआरए) सम्मिलित है और आयातो को पंजीकृत बंदरगाह के अलावा अन्य बंदरगाहों के माध्यम से किया गया है, पंजीकृत बंदरगाह पर टीआरए राशि के लिए बांड को डेबिट कर दिया गया है और मैनुअल टीआरए आयात के बंदरगाह पर उपयोग के लिए जारी किया जाता है।

डाटा के विश्लेषण से पता चला कि 2011-12 से 2015-16 की अवधि के दौरान 3202 बीईज में बांड डेबिट किए बिना, परियोजना आयात लाभ लेने के लिए आयात सीटीएच 9801 के तहत किया गया था। तदनुसार, आयात किए गए माल पर शुल्क से ₹ 1,133.05 करोड़ तक की राशि की रियायती शुल्क/छूट अनुमत की गई जो परियोजना आयात पर लागू थी, माल को परियोजना आयातों के अलावा अन्य उद्देश्यों हेतु प्रयोग करने से छूट का गलत उपयोग करने की गुंजाइश दी गई। यह तथ्य उजागर करना उचित है कि बांड लेजर कमिश्नरियों द्वारा करारों को अन्तिम रूप देने के दौरान संदर्भित और भरोसे योग्य एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है क्योंकि क्रेडिट और डेबिट इसी में किए जाते है।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2016)

सिफारिशः लेखापरीक्षा सिफारिश करती है कि परियोजना आयात पर बेहतर नियंत्रण होने और कुशल एवं उचित तरीके से बांड लेजर में उनके क्रेडिट/डेबिट की निगरानी हेतु, बोर्ड टीआरए के माध्यम से अन्य पोर्टों में किये गये आयात और पंजीकरण पोर्ट के माध्यम से किये गये आयात की निगरानी करने के लिये परियोजना आयात हेतु केन्द्रीकृत बांड प्रबंधन मोड्यूल शुरू करने पर विचार कर सकता है।

बोर्ड ने एग्जिट बैठक के दौरान कहा (19 दिसम्बर 2016) कि मंत्रालय पीआईआर की विस्तृत समीक्षा के बाद आईसीईएस 1.5 में केन्द्रीकृत बांड प्रबंधन मोडयूल के सृजन पर सिफारिश से सहमत है।

6.1.3 अनंतिम निर्धारण के बजाय बीईज का अन्तिम निर्धारण: अनंतिम निर्धारण के बजाय बीईज का अन्तिम निर्धारण: परियोजना आयात के अन्तर्गत मंजूर किए गए माल के संबंध में, सीमाशुल्क नियमावली के अध्याय 5 के पैराग्राफ 4.1 के अनुसार निर्धारित दस्तावेजों की प्रस्तुती द्वारा परियोजना करार के अन्तिम रूप को लम्बित रख कर निष्पादित बांडों के प्रति मूल्य/शुल्क को डेबिट करने के द्वारा बीईज का निर्धारण अनंतिम रूप से किया जाता है।

2011-12 से 2015-16 की अवधि के लिए डीजी (सिस्टम्स और डाटा प्रबंधन) द्वारा प्रदत्त डाटा से लेखापरीक्षा ने पता लगाया कि 31 पोर्टो[53] में 2011-12 से 2015-16 की अवधि के दौरान दर्ज 2532 बीईज में अनंतिम निर्धारिण के बजाय अन्तिम निर्धारण का सहारा लिया गया था। ₹ 6,113.56 करोड़ के निर्धारण योग्य मूल्य वाले माल को परियोजना आयात के अन्तर्गत आयात किया गया और सीटीएच 9801 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था।

एसीसी नई दिल्ली, कोचीन और कांडला कमिश्नरी के कुछ मामले लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित किए गए जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

- कोचीन कमिश्नरी में एक आयातक[54] के परियोजना करार से पता चला कि कोच्ची और अन्य पोर्टो में दर्ज चार बीईज का निर्धारण अन्ततः बांड को डेबिट किए बिना किया गया था। इसी प्रकार एक अन्य परियोजना करार[55] में आयात टीआरए के आधार पर नावा शेवा पोर्ट के माध्यम से किया गया था (अगस्त 2015) किन्तु अन्तिम निर्धारण बांड को डेबिट किए बिना किया गया था। पांच बीईज का निर्धारण मूल्य ₹ 14.37 करोड था, जिसमें ₹ 3.10 करोड़ का शुल्क शामिल था।
- एसीसी, नई दिल्ली कमिश्नरी के तीन करारों[56] (सात बीईज-सीआईएफ मूल्य ₹ 3.05 करोड़) में इसी प्रकार के अंनतिम निर्धारण के बिना अन्तिम निर्धारण पाए गए थे।
- कांडला कमिश्नरी में, लेखापरीक्षा ने तीन करारों में अन्तिम रूप दिए गए संविदा मामलों में पाया कि आयातकों ने टीआरए के माध्यम से विभिन्न सीमा शुल्क हाऊसीस से उनके आयात प्रेषण की निकासी करवाई थी। सत्यापन पर, लेखापरीक्षा ने पाया कि 17 बीईज में कमिश्नरी में अनंतिम निर्धारण के अन्तर्गत माल

[53] एसीसी अहमदाबाद, एसीसी बैंगलोर, मुम्बई सी, एसीसी मुम्बई कोलकाता सी, एसीसी कोलकाता, कोचीन सी, कोचीन एयर कार्गो, एसीसी दिल्ली, आईसीडी दुर्गापुर, एसीसी हैदराबाद, कांडला कस्टम, एसीसी जयपुर, चेन्नई सी, एसीसी चेन्नई, आईसीडी मंदीदीप, मुंद्रा, आईसीडी नागपुर, नावाशेवा मुम्बई, पीपावव विक्टर, आईसीडी पडपडगंज, पारादीप, आईसीडी रायपुर, आईसीडी साबरमती (खोडियार), आइसीडी दादरी, आईसीडी तुगलकाबाद, तूतीकरोनी सी, आईसीडी तूतीकोरीन, आईसीडी तोदियारपेट, विजाग सी, आईसीडी बैंगलौर।

[54] मै.बीपीसीएल के आर आईआरईपी

[55] मै. प्रोडएयर एयर प्रोडक्टस इंडिया प्राइवेट लि.

[56] संविदा सं. 2/2008, 3/2009 और 2/2015

के निर्धारण के बिना माल की निकासी अनुमत की और बांड भी डेबिट नहीं किया गया था। उक्त प्रावधान के अनुसार, बीईज को माल की मंजूरी से पूर्व, अनंतिम रूप से निर्धारित किया जाना था। इससे पता चलता है कि ईडीआई प्रणाली में कोई उचित प्रमाणीकरण तंत्र नहीं था जिससे अनिवार्य रूप से पहला अनंतिम निर्धारण किया जा सके। इसके परिणामस्वरूप परियोजना आयात के अन्तर्गत ₹ 7.03 करोड़ के निर्धारण योग्य मूल्य के लिए अनियमित निर्धारण हुआ जिसमें ₹ 19.56 लाख का शुल्क शामिल था।

परियोजना आयात में संकलित विवरण, सामान की स्थापना इत्यादि के प्राप्त होने के पष्चात् आकंलन होना था जबकि बीईज का सीधा अंतिम आंकलन गलत था। यह दर्शाता है कि ईडीआई प्रणाली में बाध्यतामूलक अंन्तिम आंकलन का प्रावधान नहीं था।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में कोचीन और एसीसी, नई दिल्ली आयुक्तालय के संबंध में लेखा परीक्षा टिप्पणियां स्वीकार कर ली हैं।

सिफारिशः लेखापरीक्षा सिफारिश करती है कि सीमाशुल्क ईडीआई प्रणाली (आईसीईएस 1.5वी) के माध्यम से परियोजना सामग्री आयात की प्रभावी निगरानी हेतु बोर्ड को मैनुअल प्रणाली के माध्यम से परियोजना आयात मामलों की निगरानी पर निर्भरता को कम करने के लिये आईसीईएस में ईपीसीजी योजना की पद्धति पर परियोजना प्रबंधन मोड्यूल की संभावना का पता लगाना चाहिये।

बोर्ड ने एग्जिट बैठक के दौरान कहा (19 दिसम्बर 2016) कि पीआईआर में परिवर्तनों के आधार पर आईसीईएस 1.5 में एक परियोजना प्रबन्धन माड्यूल विकसित किया जाएगा।

6.2 सीबीईसी क्षेत्रीय संरचनाओं के डाटाबेस में अनियमितता

इस निष्पादन लेखापरीक्षा को करते समय लेखापरीक्षा ने पाया कि तीन संस्थाओं अर्थात (i) कमिश्नरियों पर (ii) निष्पादन प्रबन्धन महानिदेशालय (डीजीपीएम) और (iii) सिस्टमस और डाटा प्रबन्धन महानिदेशालय द्वारा अनुरक्षित डाटाबेस में बेमेल डाटा था जैसा नीचे विस्तृत विवरण दिया गया हैः

(i) वि व 12 से वि व 16 के दौरान सीबीईसी की क्षेत्रीय संरचनाओं द्वारा प्राप्त राजस्व आंकडे

लेखापरीक्षा ने पाया कि वि व 12 से वि व 16 के दौरान सीबीईसी वेबसाईट, निष्पादन प्रबन्धन महानिदेशालय और महानिदेशालय (सिस्टमस और डाटा प्रबन्धन) द्वारा प्राप्त राजस्व आंकडे असंगत है जैसा नीचे वर्णित हैः

तालिका सं. 13: सीबीईसी की क्षेत्रीय संरचनाओं द्वारा प्राप्त राजस्व आंकडे

₹ करोड़ में

सूचना का स्रोत	विव 12	विव 13	विव 14	विव 15	विव 16	कुल
सीबीईसी की वेबसाईट (*cbecddm.gov.in*)	3759.40	3074.21	2759.12	1185.85 (11/2014 तक)	उपलब्ध नहीं	10778.60
निष्पादन प्रबन्धन महानिदेशालय (डीजीपीएम)	2422.60	2312.83	2305.22	1328.16	1151.64	9520.45
डीजी सिस्टमस	1930.80	1913.27	1844.39	1239.44	1161.78	8089.68

राजस्व विभाग ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2016) में कहा है कि डी जी (सिस्टम) में आकड़े इलैक्ट्रोनिक डाटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यु) से पुनप्राप्ति डेटा पर आधारित है जो कि गैर ईडीडब्ल्यु/ मैनुअल बीई में नहीं लेते है। डीजीपीएम रिपोर्ट की निगरानी के लिए नोडल एजेंसी है और वे इकाईयों से रिपोर्ट प्राप्त कर संकलित करती है। डीजीपीएम और डीडीएम की रिपोर्ट में जो असमानता है वह परीक्षाधीन है।

(ii) सीबीईसी और कमिश्नरियों द्वारा कराया गया ठेका विवरण

सीबीईसी से प्राप्त सूचना को लेखापरीक्षा द्वारा 24 कमिश्नरियों द्वारा प्रदान की गई सूचना से मिलाया गया। लेखापरीक्षा ने पाया कि सीबीईसी और कमिश्नरियों के डाटा बेस की एकरूपता में कमी थी जैसा नीचे वर्णित हैः

तालिका सं. 14: ठेका विवरण

(सीआईएफ मूल्य ₹ करोड़ में)

स्त्रोत	1 अप्रैल 2011 के का आदि शेष		वि.व 12 से वि.व 16 के दौरान पंजीकृत ठेके		वि.व 12 से वि.व 16 के दौरान अन्तिम रूप दिए गए ठेके		31 मार्च 2016 को ठेकों का अंत शेष	
	सं.	सीआईएफ मूल्य	सं.	सीआईएफ मूल्य	सं.	सीआईएफ मूल्य	सं.	सीआईएफ मूल्य
सीबीईसी	1594	3,09,596	946	1,65,318	653	55,969	1929	4,16,658
कमिश्नरियां	1905	1,34,091	994	1,35,547	676	27,055	2223	2,60,176

राजस्व विभाग (दिसम्बर 2016) द्वारा प्रस्तुत आयुक्तालयवार तथ्यात्मक सूचना परीक्षाधीन है।

(iii) कमिश्नरी डाटाबेस में बेमेलता: कमिश्नरी स्तर पर अभिलेखों/ रिपोर्टों की लेखापरीक्षा संवीक्षा सूचना डाटा की बेमेलता के मामलों का विवरण आगे हैं:

तालिका सं. 15: कमिश्नरी स्तर डाटा में असंगति

कमिश्नरी	आंकडे			
	कमिश्नरी के अनुसार	तिमाही रिपोर्ट के अनुसार	अनुरक्षित ठेका रजिस्टर के अनुसार	सीबीईसी
कांडला	₹ 3,469.93 करोड़ मूल्य के 70 पंजीकृत ठेके	8 पंजीकृत ठेके	₹ 7,267.81 करोड़ के मूल्य के साथ 71 पंजीकृत ठेके	₹ 3,467.80 करोड़ के मूल्य के साथ 79 ठेके
	77 ठेकों को अन्तिम रूप दिया गया	--	79 ठेके (लेखापरीक्षा के अनुसार)	45 ठेकों को अन्तिम रूप दिया गया
	वि.व 16 को अन्त शेष के रूप में दर्शाए गए 89 ठेके (83 निजी+6 सरकारी/पीएसयू)	--	लेखापरीक्षा में पता लगे 89 ठेके (80 निजी +9 सरकारी पीएसयू)	वि.व 16 के अन्त शेष के रूप में दर्शाए गए 94 ठेके (87 निजी + 7 सरकारी/पीएसयू)
आईसीडी (शहर) बैंगलोर	वि.व 12 से वि.व 16 के दौरान अन्तिम रूप दिए गए 39 ठेके			वि व 12 से वि व 16 के दौरान शून्य ठेकों को अन्तिम रूप दिया गया

राजस्व विभाग ने अपने जवाब में (दिसम्बर 2016) में कहा है कि कांडला आयुक्तालय के आंकड़ों को सुधारा गया है और सही रिपोर्टिंग के लिए उचित कार्यवाही की गई।

असंगति के अन्य मामले थे:

- सीबीईसी द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार, चेन्नई और कांडला कमिश्नरियों में ठेके पंजीकृत के रूप में दर्शाए गए थे किन्तु कमिश्नरी के रिकार्डों में कोई शुल्क संग्रहण और छोडा गया शुल्क नहीं दर्शाया गया था।
- सीबीईसी की सूचना में अहमदाबाद सीमाशुल्क और भुवनेश्वर कमिश्नरी ने कहा कि ईडीआई सिस्टम में दर्ज बीईज के लिए छोडे गए शुल्क की राशि का पता नहीं लगाया जा सका।
- इलाहाबाद कमिश्नरी ने 2012-13 के दौरान एक ठेके का आदि शेष और वि व 13 से वि व 16 के दौरान 'शून्य' जोड/मंजूरी दर्शायी थी तथापि, एक ठेके के अन्त शेष के बजाय उसने वि व

16 में 'शून्य' के रूप में दर्शाया गया था जिसके मिलान की आवश्यकता है।

- अहमदाबाद सीमा शुल्क के संबंध में सीबीईसी डाटा वि व 12 के आदि शेष के रूप में छः ठेके दर्शाये थे और उसने सीमाशुल्क हाऊस के 28 ठेके बिना रिपोर्ट के छोड दिए थे।
- एयर कार्गो काम्पलेक्स, अहमदाबाद में पंजीकृत पांच परियोजना ठेकों को निजी क्षेत्र ठेकों के बजाय सरकारी/पीएसयू क्षेत्र ठेके के रूप में दर्शाया गया था।

इन मामलों में मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित (दिसम्बर 2016) है।

(iv) परियोजना ठेको के विलम्ब की गलत रिपोर्टिंग

दिनांक 4 मई 2011 के परिपत्र द्वारा बोर्ड ने स्पष्ट किया कि संबंधित सीमाशुल्क आयुक्त को परियोजना आयात मामलों के लम्बन को मानीटर और निर्धारित प्रपत्र में जोन के प्रभारी मुख्य आयुक्त सीमाशुल्क को एक मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। मुख्य आयुक्त, सीमाशुल्क लम्बन को मानीटर करेगा और निर्धारित प्रपत्र में महानिदेशक निरिक्षण (सीमाशुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क), नई दिल्ली को अगले माह की 15 तक जोन की एक तिमाही समेकित रिपोर्ट भेजेगा। डीजीआईसी एवं सीई बदले में केन्द्रीकृत तरीके से अखिल भारतीय स्तर पर लम्बन को मानीटर करेगा और परियोजना आयात को अन्तिम रूप देने में की गई प्रगति, अनुपालन के प्रवृत्ति इत्यादि के बारे में तिमाही आधार पर बोर्ड को रिपोर्ट करेगा और सुधारात्मक उपाय, यदि कोई हो तो, का सुझाव देगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 12 कमिश्नरियों[57] में दिनांक 4 मई 2011 के परिपत्र में दिए गए निर्देशों को भावनात्मक रूप से लागू नहीं किया गया (जैसा परिशिष्ट 6 में वर्णित है) जिसके परिणामस्वरूप परियोजना आयात मामलों की गलत रिपोर्टिंग हुई।

[57] अहमदाबाद, कांडला, मुंद्रा, आईसीडी शहर, बैंगलोर और मैंगलौर, तूतीकोरीन, कानपुर, एसीसी नई दिल्ली, आईसीडी हैदराबाद नोएडा, एनसीएच और जे एनसीएच मुम्बई

बताए जाने पर (अप्रैल-जुलाई 2016) कांडला सीमाशुल्क कमिश्नरी ने कहा (अगस्त 2016) कि रिपोर्ट की तिमाही प्रस्तुति के लिए लेखापरीक्षा आपत्ति को नोट कर लिया गया और रिपोर्टों और रजिस्टरों को अद्यतित किया गया था।

सीबीईसी के विभिन्न रिकार्डो/क्षेत्रीय संरचनाओं में रखे असंगत सांख्यिकीय सूचना दर्शाती है कि परियोजना आयात मामलों को मानीटर करने के लिए डाटाबेस प्रबन्धन हेतु कोई सुदृढ़ प्रणाली नहीं है।

राजस्व विभाग ने अपने जवाब (दिसम्बर 2016) में लेखापरीक्षा टिप्पणियां स्वीकार कर ली है और कहा है कि संबंधित आयुक्तालय ने सुधारात्मक कार्यवाही शुरू कर दी है।

सिफारिशः लेखापरीक्षा सिफारिश करती है कि बोर्ड परियोजना आयात मामलों के लिये केन्द्रीकृत डाटा बनाने पर विचार कर सकता है ताकि विभिन्न संस्थाओं के बीच डाटा की अनियमितता से बचा जा सके।

बोर्ड ने एग्जिट बैठक के दौरान कहा (19 दिसम्बर 2016) की मंत्रालय पीआईआर की गहन समीक्षा के बाद आईसीईएस 1.5 में केन्द्रीकृत डाटाबेस के सृजन पर सिफारिश से सहमत है।

6.3 बैंक गारंटी (बीजी) और बांड की मानीटरिंग

आयातक को समय समय पर ठेके के पंजीकरण या निष्पादित बीजी/बांड की समाप्ति पर पुनः वैधीकरण के समय बैंक गारंटी (बीजी) बांड देना आवश्यक है जैसा नीचे दिया गया है।

तालिका सं. 16: बैंक गारंटी और बांड

अवधि	प्राप्त की जाने वाली बीजी की राशि	प्राधिकार
बैंक गारंटी		
28.02.2011 तक	प्राप्त की जाने वाली बीजी की राशि ठेके के सीआईएफ मूल्य का 2 प्रतिशत (₹ 50 लाख नकद प्रतिभूति और शेष बीजी के रूप में)	दिनांक 09.08.1995 का परिपत्र
01.03.2011 से	ठेके के सीआईएफ मूल्य के केवल 2 प्रतिशत की बीजी (अधिकतम ₹ 1 करोड़) रोकड प्रतिभूति की समाप्ति समय समय पर बीजी का नवीकरण	दिनांक 01.03.2011. का परिपत्र

सरकारी विभागों/पीएसयूज को छूट		दिनांक 24.03.1993 का परिपत्र
मेगा पावर की अनंतिम स्थिति वाली विद्युत परियोजनाओं के लिए देय शुल्क के बराबर सावधि जमा प्राप्तियां (एफडीआर)बीजी किन्तु परियोजना आयात के अन्तर्गत छूट के लिए, देना आवश्यक है।		दिनांक 17.03.2012 की अधिसूचना के क्रम सं. 507 की शर्त सं. 93 के अनुसार
अवधि	प्राप्त की जाने वाली बीजी की राशि	
बांड		
सीबीईसी की सीमाशुल्क नियमपुस्तक 2014 के अध्याय 5 के पैरा 3.3 (V) की शर्तों में ठेके के सीआईएफ मूल्य के बराबर निरंतरता बांड को पंजीकृत करना भी आयातक द्वारा निष्पादित करना आवश्यक है।		

6.3.1 बीजी और बांड की प्रस्तुती

चार कमिश्नरियों[58] में मार्च 2009 और अप्रैल 2015 के बीच पंजीकृत सात ठेकों में लेखापरीक्षा ने पाया (अप्रैल से जुलाई 2016) कि या तो आयातकों ने बीजी प्रस्तुत नहीं की या उसे कम राशि के लिए प्रस्तुत की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 32.67 करोड़ की बीजी की प्रस्तुती नहीं/कम हुई। एसीसी नई दिल्ली, कमीश्नरी में ₹ 9.10 लाख की बीजी की अत्यधिक प्रस्तुती के दो मामले भी पाए गए थे।

लेखापरीक्षा ने आगे चार कमिश्नरियों[59] के चार ठेकों में पाया कि आयातकों ने ₹232.21 करोड़ की कमी से बांड निष्पादित किए थे।

डीओआर ने आने उत्तर (दिसम्बर 2016) में एसीसी नई दिल्ली, कांडला, कोलकाता और एनसीएच मुम्बई आयुक्तालयों से संबंधित लेखा परीक्षा आपत्ति को स्वीकार कर लिया। अहमदाबाद और चेन्नई आयुक्तालयों से उत्तर प्रतीक्षित है।

मंगलुरु आयुक्तालय के सम्बंध में डी ओ आर ने बताया कि आयातक ने चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य प्रमाणपत्र प्राप्त किया था, कोची आयुक्तालय के लिए आगे एक अतिरिक्त बांड पर अमल करने की कोई आवश्यकता नहीं थी, डी ओ आर ने बताया कि बांड का मूल्य प्रासंगिक विनिमय दर पर आयातित किए जाने की संभावना माल के मूल्य पर आधारित है। अलग अलग समय पर विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के कारण आई एन आर का मूल्य अलग अलग होता है। अतः पंजीकृत बाण्ड का मूल्य ₹1700 करोड़ केवल अनुमानित था।

---

[58]अहमदाबाद, एसीसी नइ्र दिल्ली, कांडला और मुम्बई (एनसीएच)

[59]मैंगलोर (एनसीएच) चेन्नई सी सीमाशुल्क, कोचीन और कोलकाता कमिश्नरी

डी ओ आर का जबाब स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि पीआईआर 1986 के तहत बैंक गारण्टी (बीजी) आयातित मूल्य के बराबर होना था।

6.3.2 बीजी और बांड का पुनर्वैधीकरण

लेखापरीक्षा ने पाया कि छः कमिश्नरियों[60], में परियोजना आयात के अन्तर्गत आयातकों द्वारा शुल्क रियायत के लाभ के प्रति निष्पादित ₹ 66.49 करोड़ की बीजी समाप्त हो गई थी, तथापि, उसके नवीकरण के लिए कमिश्नरियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी जिसके परिणामस्वरूप इन चालू परियोजना करारों में लगे राजस्व की सुरक्षा नहीं हो सकी।

इसके अलावा लेखापरीक्षा ने पाया कि दो मामले[61] जिनमें 2008-09 और 2011-12 के बीच ₹ 1341.53 करोड़ की राशि के बांड निष्पादित किए गए थे, 2009-10 और 2012-13 के बीच समाप्त हो गए थे। बांड की वैधता की समाप्ति पर, कमीश्नरी आयातकों द्वारा चूक होने के मामले में उसे लागू करने के लिए कार्रवाई नहीं कर सकी। इन बाडों के पुनर्वैधिकरण न किए जाने के कारण राजस्व असुरक्षित रहा।

डीओ आर के द्वारा दी गई कमिश्नरीयों की तथ्यात्मक जानकारी परीक्षाधीन है (दिसम्बर 2016)।

6.4 अभिलेखों की रखरखाव

मूल्यांकन नियमावली (खण्ड-1) में निहित प्रावधानो के साथ पठित पीआईआर 1986 के विनियम 4 और 5 में परियोजना आयात करार रजिस्टर का अनुरक्षण परिकल्पित है। प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक कमिश्नरी को निर्धारित प्रपत्र में परियोजना आयात रजिस्टर का अनुरक्षण करना होता है और पंजीकरण के समय नियत परियोजना संख्या/तिथि को दर्ज किया जाना चाहिए। इस रजिस्टर में ठेकों का विवरण, ठेका मूल्य और किए गए आयात (बीई सं./आरए सं.) भी दर्ज करना अपेक्षित है और ठेकों की प्रभावी मानीटरिंग के लिए उचित अधिकारी द्वारा महीने में एक बार पुनरीक्षा की जानी चाहिए।

---

[60]अहमदाबाद, चेन्नई सी सीमाशुल्क, कांडला, कोलकाता लुधियाना, एनसीएच मुम्बई

[61]कांडला कमिश्नरी और मुम्बई (जेएनसीएच) कमीश्नरी में प्रत्येक मामला

6.4.1 लेखापरीक्षा ने पाया कि 15 कमिश्नरियों[62], में परियोजना आयात मामलों से संबंधित रिकार्डों का अनुरक्षण उचित नहीं था। पाई गई कमिश्नरी वार कमियां तथा प्रबन्धन को रिपोर्टिंग में निरन्तरता पर इसके प्रभाव के ब्यौरे **परिशिष्ट** *7* में दिए गए हैं। अभिलेखों के अनुचित अनुरक्षण के सोदाहरण मामलों का विवरण नीचे दिया गया हैः

- आईसीडी खोडियार, एसीसी बैंगलोर, आईसीडी हैदराबाद, पारादीप सीमाशुल्क डिविजन और नोएडा सीमाशुल्क में ठेका रजिस्टरों का अनुरक्षण नहीं किया गया था।

- 11 सीमा शुल्क पोर्टों[63] में ठेका रजिस्टरों का अनुरक्षण अनुचित रूप से किया गया था, जिसमें आयात विवरण, आयात का मूल्य, दत्त शुल्क, छोडा गया शुल्क इत्यादि, टीआरए आयातों के विवरण जैसे विवरणों की कमी थी। रजिस्टरों को अद्यतित करने के अभाव में लेखापरीक्षा को पंजीकृत ठेकों का मूल्य, अन्तिम रूप दिए गए ठेकों का विवरण, ठेकों के लम्बन इत्यादि संख्या के सटीक ब्यौरे का पता नहीं लग सका।

- मैंगलोर कमिश्नरी में फरवरी 2015 में पंजीकृत एक ठेके (ठेका सं. 1/2005) में, शुल्क का भुगतान फरवरी 2005 में किया गया था। ठेको को दिसम्बर 2006 में अन्तिम रूप दिया गया था और आयातक को नकद प्रतिभूति वापिस नहीं दी गई थी। तथापि, कमिश्नरी ने मार्च 2015 में अर्थात् नौ वर्ष बाद, आयातक को ठेके की स्थिति के बारे में पूछा अर्थात ठेको को अन्तिम रूप दिया गया या नहीं और ओआईओ की प्रति प्रस्तुत करें। अतः आयातक से नौ वर्ष से बाद अन्तिम आदेश की प्रति मांगने से परियोजना आयात मामलों की अनुचित मानीटरिंग का पता चलता है।

- एसीसी नई दिल्ली कमिश्नरी में दो ठेकों (मै. डीएमआरसी लि.) में परियोजना आयात के तहत आयातित माल के मूल्य को डेबिट करते समय सीमाशुल्क द्वारा मेरिट दर पर मंजूर किए गए माल का मूल्य भी बांड मूल्य से डेबिट किए गए जिसके परिणामस्वरूप ठेकों के पंजीकृत मूल्य से ₹ 3.70 करोड़ का अधिक डेबिट हुआ।

---

[62]आईसीडी खोडियार, अहमदाबाद, कांडला, मुंद्रा आईसीडी सिटी बैंगलोर और मैंगलोर, एसीसी, बैंगलोर, चैन्नई, सी कोचीन, एसीसी नई दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, नोएडा, एनसीएच, और जेएनसीएच, मुम्बई और तूतीकोरीन।

[63]कांडला मुन्द्रा, आईसीडी (शहर) बैंगलोर, मैंगलोर सीमाशुल्क, चेन्नई सी, तूतीकोरीन, कोचीन, एसीसी नई दिल्ली, कोलकाता, एनसीएच मुम्बई और जेएनसीएच, मुम्बई।

ठेका रजिस्टरों का अनुरक्षण न करने अनुचित अनुरक्षण के कारण उच्च अधिकारियों द्वारा घटिया आन्तरिक नियंत्रण प्रबन्धन हुआ।

डीओआर ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2016) में बताया कि सभी कमिश्नरीयों ने लेखापरीक्षा अवलोकन को अनुपालन के लिए उल्लेख किया है।

6.4.2 मुम्बई कमिश्नरी, एनसीएच, कान्ट्रेक्ट सैल में 848 लम्बित/चालू ठेका फाइलें है जिनमें 31 मार्च 2016 तक ₹ 30,252.15 करोड़ का सीआईएफ मूल्य निहित था, जिसमें से वर्ष 1990 से 2010 से संबंधित 177 (21 प्रतिशत) फाइलें है जिनमें ₹ 3,031.03 करोड़ का सीआईएफ मूल्य निहित था और जिन्हें कान्ट्रेक्ट सैल में गायब/पता नहीं लग रहा बताया गया था जैसा परिशिष्ट 8 में ब्यौरा दिया गया है। इन कुछ गायब फाइलों में आयातित माल का मूल्य काफी अधिक था जिसमें काफी शुल्क रियायत शामिल थी। इन ठेका फाइलों की मानीटरिंग काफी प्रबलता से की जानी चाहिए थी और सभी दस्तावेजों की प्राप्ति और उनके संस्थापन और अन्तिम उपयोग के बारे में आश्वासन के बाद उन्हें अन्तिम रूप दिया जाना चाहिए था। निम्नलिखित विवरण उन ठेका फाइलों की संख्या तथा लागत को दर्शाता है जो गायब थीः-

तालिका सं. 17: एनसीएच मुम्बई में गायब फाइलों का सार

गायब फाइलों का विवरण	आयात वाली फाइलें>₹ 100 करोड़	₹ 100 और 50 करोड़ के बीच आयात वाली फाइले	₹ 50 और 50 करोड़ के बीच आयात वाली फाइले	आयात वाली फाइले <₹ 10 करोड़
फाइलों की संख्या	7	6	17	147
कुल सीआईएफ मूल्य	2090.18	467.16	332.46	141.23
अवधि	1996 से 2008	2005 से 2008	1990 से 2009	1995 से 2007

एनसीएच मुम्बई कमिश्नरी/बोर्ड परियोजना आयात सैल से इतनी सारी फाइलों के गायब होने के कारण के बारे में पता कर सकती है।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2016)

6.5 अंतर्विभागीय प्राधिकारियों के बीच समन्वय का अभाव

कांडला कमिश्नरी में, लेखापरीक्षा ने पाया (अप्रैल-जुलाई 2016) कि अन्र्त-विभागीय प्राधिकारियों के बीच उचित समन्वय की कमी थी, जैसा नीचे वर्णित है:-

6.5.1 एक आयातक[64] (पंजीकरण सं. 04/2006 दिनांक 15 जून 2006) का अन्तिम आयात 24 जनवरी 2007 को पूरा किया गया था और आयातक ने दिनांक 20 जून 2009 के पत्र द्वारा ठेके को अन्तिम रूप देने का निवेदन किया था जिसके बाद सीमा शुल्क, कांडला ने सीमाशुल्क नावा शेवा, मुम्बई को अन्तिम रूप दी गई बीईज प्रस्तुत करने का निवेदन किया था ताकि दिनांक 31 जुलाई 2009 के पत्र द्वारा परियोजना ठेके को अन्तिम रूप दिया जा सके। इस संबंध में, यद्यपि, सीमा शुल्क कांडला द्वारा चार अनुस्मारक जारी किए गए थे, छः वर्षों से अधिक बीत जाने के बाद भी सीमा शुल्क नावा शेवा, मुम्बई द्वारा अभी तक (जून 2016) कोई कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई थी।

डीओआर ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2016) में बताया कि कांडला कमिश्नरी ने मैसर्स आई डी एम सी लिमिटेड को एससीएन जारी किया है।

6.5.2 अन्य मामले में, एक आयातक[65] को इकाई के आरम्भिक समायोजन हेतु पंजीकरण संख्या 04/2008 दिनांक 9 सितम्बर 2008 द्वारा पंजीकृत किया गया (सितम्बर 2008)। इसी इकाई को पंजीकरण संख्या 06/2010 दिनांक 29 जून 2010 द्वारा आरम्भिक समायोजन (दूसरी बार) के लिए परियोजना आयात के अन्य पंजीकरण हेतु पुनः स्वीकृति दी गई भले ही इसे महत्वपूर्ण पंजीकरण के तहत पंजीकृत किया जाना था। न तो समर्थन प्राधिकरण न ही सीमा शुल्क प्राधिकरण/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क जो आयातक द्वारा की गई घोषणा पर पूर्ण रूप से निर्भर है, को यह जानकारी थी कि इकाई 'आरम्भिक समायोजन' अथवा 'महत्वपूर्ण विस्तार' की श्रेणी के अन्तर्गत आती है इसके परिणामस्वरूप सीई प्रमाणपत्र, वार्षिक लेखा बहियों/तुलन पत्र आदि जैसे दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करके महत्वपूर्ण विस्तार के उनके दावों को सही साबित करने के लिए बोर्ड के निर्देशो का अनुपालन नहीं हुआ।

---

[64] मै. आईडीएमसी, आनंद

[65] मै. रामोजी ग्रेनाइट लि.

डीओआर ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2016) में बताया कि दोनों परियोजनाओं के प्रायोजन प्राधिकरण की सिफारिश के आधार पर प्रारंभिक सेटिंग के रूप में दर्ज किए गए थे।

विभाग का उत्तर स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि मेसर्स रामोजी ग्रेनाइट लिमिटेड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सचिवालय के औद्योगिक सहायता पावती दिनांक लाख वर्ग मीटर की मौजूदा 36 के अनुसार 2010/05/24 लाख वर्ग मीटर की अति 19 क्षमता वाली एक इकाई थी औररिक्त क्षमता प्रस्वावित थी और यह आयात परियोजना पंजीकरण सं 2010/6.दिनांक के पर्याप् 2010/06/29त विस्तार हेतु माल का आयात किया गया। यद्यपि, केवल स्वीकार करने और अधिकार प्रमाणपत्र के प्रायोजन पर परियोजना आधारित पंजीयन यह दर्शाता है कि विभागों के बीच में कोई उचित आंतरिक नियंत्रण नहीं है।

6.5.3 इसके अलावा, एक अन्य मामले में एक आयातक[66] को सीआईएफ ₹ 13.20 करोड़ मूल्य हेतु पंजीकरण संख्या 19/2008 के तहत पंजीकृत किया गया तथा लेखापरीक्षा के समय (मार्च 2016) विलम्ब को अंतिम रूप देने हेतु सूचित किया गया। इस ठेके के तहत किए गए निर्यात का विवरण सीमा शुल्क, कांडला के रिकार्ड में नहीं था।

हालांकि लेखापरीक्षा ने क्षेत्राधिकारी केन्द्रीय उत्पाद शुल्क रेंज, वांकानेर के साथ आयातक के विवरणो की दोहरी जांच की तथा यह पाया कि इकाई ने इसी ठेके के तहत चार बीईज के माध्यम से अक्तूबर तथा नवम्बर 2008 के बीच ₹ 2.99 करोड़ के पूंजीगत माल का आयात किया तथा ठेके को अंतिम रूप देने पर कांडला सीमा शुल्क ने ₹ 8.68 लाख की नकद प्रतिभूति जमा को वापिस किया।

यद्यपि डीओआर ने अपने उत्तर में (दिसम्बर 2016) कहा है कि परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है जबकि परियोजना को अंतिम रूप देने की तिथि उपलब्ध नहीं कराई।

---

[66] मै. वर्मारोग्रेनाइटो प्रा. लि., वांकानेर

ये मामले सीमा शुल्क तथा अन्य अन्तर विभागीय प्राधिकरणो के बीच समन्वय के अभाव को दर्शाते है जिसके परिणमास्वरूप अनावश्यक विलम्ब तथा प्रक्रियाओं का गैर अनुपालन हुआ।

डीओआर ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2016) में बताया कि परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया। परन्तु लेखापरीक्षा ने मार्च 2016 में पाया कि मामला आयात के विवरण के कारण लम्बित था।

6.6 अतिरिक्त ठेके नजरअंदाज करते हुये ठेके को अनुचित रूप से पूर्ण करना

कांडला आयुक्तालय में लेखापरीक्षा ने देखा कि आयातक[67] को आरम्भ में सीआईएफ मूल्य हेतु संख्या 18/2010 (सितम्बर 2010) द्वारा ₹ 12.05 करोड़ के सीआईएफ मूल्य हेतु पंजीकृत किया गया था तथा बाद में, ₹ 5.12 करोड़ सीआईएफ मूल्य के अतिरिक्त पंजीकरण को जोड़ा गया (फरवरी 2011)।

दिनांक 17 अक्तूबर 2011 के ओआईओ के सत्यापन के पश्चात, यह देखा गया कि ठेके को ₹ 12.05 करोड़ सीआईएफ मूल्य हेतु अंतिम रूप दिया गया था तथा आयातक को ₹ 24.15 लाख की नकद प्रतिभूति भी वापिस की गई थी। लेखापरीक्षा ने देखा कि ओआईओ में ₹ 5.12 करोड़ की शेष राशि पर विचार नहीं किया गया तथा ₹ 5.12 करोड़ के अतिरिक्त ठेके को नजरअंदाज करते हुए ठेको को अंतिम रूप दिया गया तथा ठेके को अंतिम रूप दिए जाने के बावजूद भी आयातक को ₹ 10.24 लाख की नकद प्रतिभूति जारी नहीं की गई ।

डी ओ आर ने अपने उत्तर (2016 रदिसम्ब)में बताया कि को 2011/02/01 ₹ 5.12 करोड़ की सी आई एफ मूल्य की अतिरिक्त परियोजना जोड़ दी गई। इस मामले में परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए शेष राशि को एस सी एन ने जारी किया।

6.7 निष्कर्ष

सीमाशुल्क विभाग ने ईडीआई सिस्टम के माध्यम से अपने परिचालनो को कम्प्यूटरीकृत किया है, निष्पादन लेखापरीक्षा से पता चला है कि ईडीआई

[67] मै. दोनाटो वर्टीफाइड प्रा. लि.

सिस्टम के अन्दर परियोजना आयात योजना को संघटित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। फलतः योजना की मैन्युअल हस्तक्षेपो की जटिल तथा निर्भर मॉनीटरिंग करने के अलावा योजना के तहत पंजीकृत परियोजनाओं के अन्तर्गत प्रभावित होने वाले सभी आयातो की सम्पूर्ण स्थिति का पता लगाना लगभग असम्भव है। मंत्रालय को परियोजना आयात ठेको की बेहतर रिपोर्टिंग तथा उन्हें समय पर अंतिम रूप देने के लिए डाटा बेस प्रबंधन को मजबूत करने तथा आन्तरिक नियंत्रणों को कठोर करने हेतु योजना कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग तथा नियंत्रण की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

जेएनसीएच आयुक्तालय, मुम्बई में आयुक्तालयों द्वारा अभिलेखो के खराब अनुरक्षण तथा चालू परियोजनाओं की काफी अधिक गायब परियोजना आयात फाइलो के मामलो से आयुक्तालयों में अपर्याप्त आन्तरिक नियंत्रण तंत्र का पता चलता है।

अध्याय 7: निष्कर्ष

यह योजना को 1965 में लागू की गई तथा 1986 में संशोधन कर दिया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के पूंजीगत माल और देश आधारित निर्माण क्षमता को बढाने, औद्योगिक संयंत्रों में स्पेयर पार्टस का उपयोग, और तदुपरान्त आयातकों को आयातित माल की सीमा शुल्क निकासी में एकल वर्गीकरण एकल दर सरलीकरण में तेजी लाना है।

हालांकि, इसमें पिछले 15 वर्षों के दौरान शुल्क ढांचे का सरलीकरण संशोधन/ तथा एक औद्योगिक संयत्र अथवा परियोजना को प्रारम्भ करने के लिए अपेक्षित माल की श्रेणियों में शुल्क की दर को कम किया गया है। ऐसे ईपीसीजी शून्य शुल्क ईपीसीजी और अन्य व्यापार को बढ़ावा देने के उपय के रूप में अन्य योजनाओं के निर्माता-निर्यातक के लिए पूंजीगत वस्तुओं के लिए समान प्रकार के लाभ उपलब्ध कराने की आयात परियोजना शुरू की गयी।

यद्यपि राजस्व विभाग ने बताया कि इस योजना का ईपीसीजी जैसी अन्य योजनाओं की बजाए अपना अस्तित्व है, कयोंकि यह निर्यात दायित्वों के साथ ठप नहीं पड़ती।

वि. व. 12 से वि. व. 16 के दौरान अधिकतर पंजीकृत ठेकों में गिरावट आयी तथा इन वर्षों के दौरान, योजना के तहत राजस्व सृजन और पंजीकृत नए ठेकों की प्रतिशतता लगभग आधी (49 प्रतिशत) हुई है तथा परियोजना से राजस्व 40 प्रतिशत कम हुआ। इस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए परियोजना आयात स्कीम पर निष्पादन सर्वीक्षा की गई थी।

योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा ने सांविधिक प्रावधानों में उन कमियों/अन्तर को दर्शाया जिसने कानून के असंगत अनुप्रयोग के अवसर बनाए है।

अनुपालन मामलों पर लेखापरीक्षा आपतितयां योजना क्रियान्वयन में संपूर्ण अक्षमता तथा विभाग की ओर से अपूर्ण कार्यवाही की सूचक है। कुछ व्यापार सुविधा उपायों पर डाटा तथा सूचना की तुलना करने पर लेखापरीक्षा ने यह निष्कर्ष निकाला है कि व्यापार सुविधा के लाभ परियोजना आयात को प्राप्त नहीं हुए हैं। वास्तव में अधिक संव्यवहार लागतें मध्यम तथा लघु स्तर के आयातको निर्माताओं को योजना के लाभ लेने से दूर रख सकती थी।

अंततः ईडीआई सिस्टम के साथ परियोजना आयात योजना के समेकन का अभाव याजना के बेहतर क्रियान्वयन तथा मॉनीटरिंग के लिए सबसे बड़े चूक मामलों में से एक है।

कुल मिलाकर उक्त निष्कर्ष दर्शाते हैं कि परियोजना आयात योजना पूंजीगत आयात तथा शुल्क ढ़ांचे के युक्तिकरण हेतु तथा नई अधिक लाभकारी योजनाओं के संदर्भ में इसके उपयोग को समाप्त कर सकती है। राजस्व विभाग ने स्वीकार किया कि स्वदेशीकरण की वृद्धि के कारण आयातित प्रोद्योगिकी और मशीनरी पर कम भरोसा करने की जरूरत है और यह भी कि सभी छूटें जीएसटी के कार्यान्वयन के संदर्भ में समीक्षा के अधीन है इस प्रकार इस योजना की समीक्षा और अन्तर मंत्रालयी परामर्श के माध्यम से नई परियोजनाओं के पुर्नारम्भ करने के लिए सही समय है।

इस निष्पादन लेखापरीक्षा में ₹ 203 करोड़ के प्रणालीगत मुद्दों के साथ-साथ, ₹ 1,822 करोड़ का राजस्व निहितार्थ है जिसकी आंतरिक नियंत्रण मामले जिनकी मात्रा निर्धारित नहीं की जा सकती के अतिरिक्त मौजूदा नियमों और विनियमों में अनियमितता और अस्पष्टता के कारण वसूली नहीं की जा सकती।

नई दिल्ली **(शेफाली एस अंदलीब)**

दिनांक: 24 जनवरी 2017 **प्रधान निदेशक (सीमा शुल्क)**

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली **(शशि कान्त शर्मा)**

दिनांक: 24 जनवरी 2017 **भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक**

परिशिष्ट

परिशिष्ट 1

परियोजना आयातो के लिए योग्यता, पंजीकरण, आयात, समेकन, संयंत्र स्थल सत्यापन तथा निर्धारण /ठेका प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देना ।

योग्यता : पीआईआर 1986 के विनियम 4 के अनुसार, परियोजना आयात लाभ उन मदो के लिए उपलब्ध है जिनका आयात सीमा शुल्क प्राधिकरण में पंजीकृत एक या अधिक विशिष्ट ठेको के प्रति किया गया है। योजना प्रमुख ठेकेदार[68] को माल की आपूर्ति करने वाले प्रमुख ठेकेदार के साथ उप ठेकेदार(ओ) के लिए उपलब्ध है।

पंजीकरण: आयातक को पहले संबंधित तथा अधिसूचित प्रायोजक प्राधिकरण (मंत्रालय/विवरण सरकारी विभाग तथा अन्य) से अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित है। इसके पश्चात, माल/ठेको की स्वीकृत सूची को उस सीमा शुल्क पोर्ट पर पंजीकृत किया जाना है जहां से आयातक माल का आयात करना चाहता है। अपेक्षित दस्तावेजो का सत्यापन करने के पश्चात सीमाशुल्क पोर्ट परियोजना ठेके को पंजीकृत करता है तथा पंजीकरण संख्या का वितरण करता है। लागत, बीमा तथा मालभाड़ा (सीआईएफ) मूल्य/बैंक गारंटी (पीएसयूज को छोड़कर) के समान बांड को आयातक द्वारा क्रियान्वित किया जाना है।

आयात करना: पंजीकरण के पश्चात, आयातक टेलीग्राफिक रिलीज एडवाइस (टीआरए) सुविधा का लाभ लेने के बाद या तो पंजीकरण के पोर्ट से या अन्य पोर्टो से स्वीकृत माल का आयात कर सकता है। आयातित माल को पहले सीटीएच 9801 के तहत सीमा शुल्क पोर्ट द्वारा अनंतिम रूप से निर्धारित किया जाता है तथा परियोजनाओं की प्रकृति के अनुसार, संबंधित अधिसूचना में प्रदत्त अनुसार 'शून्य'/रियायती दर पर शुल्क का उदग्रहण किया जाता है।

समेकन विवरण: पीआईआर 1986 के विनियम *7* के अनुसार, आयातक पिछले आयात की तिथि से तीन माह के अन्दर अथवा ऐसी विस्तारित अवधि जैसा भी उचित अधिकारी स्वीकृत करें, के अन्दर मशीनरी की प्रत्येक आयातित मद के संस्थापन को प्रमाणित करते हुए एक पंजीकृत /प्रमाणित

[68] सीबीईसी (एमओएफ) की परिपत्र संख्या 490/56/99-सीएक्स दिनांक 25.01.1999

चार्टर्ड इंजीनियर से एक प्रमाणपत्र के साथ आयातित माल का विवरण, मात्रा तथा मूल्य दर्शाने वाला 'समेकन विवरण' प्रस्तुत करेगा।

संयंत्र स्थल सत्यापन: आयातित मशीनरी/माल को परियोजनाओं में वास्तव में संस्थापित/प्रयुक्त किया गया है, इसे सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्राधिकारी केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरी द्वारा ऐसे मामलो में जहां परियोजना का मूल्य ₹ 1 करोड़ से अधिक था तथा चयनित आधार पर अन्य मामलो में संयंत्र स्थल सत्यापन (पीएसवी) करना अपेक्षित है। 'महत्वपूर्ण विस्तारण'[69] परियोजना हेतु, आयातक को परियोजना का 'महत्वपूर्ण विस्तारण' स्थापित करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

निर्धारण/ठेके को अंतिम रूप देना: पंजीकरण के पोर्ट/अन्य पोर्टो पर निर्धारण को अंतिम रूप देने के पश्चात, परियोजना ठेके को पंजीकरण पोर्ट द्वारा तब अंतिम रूप दिया जाता है जब ठेका पंजीकृत हो चुका हो।

---

[69] विनियम 3(सी) के अनुसार, महत्वपूर्ण विस्तारण का अर्थ उस विस्तारण से है जो मौजूदा संस्थापित क्षमता को 25 प्रतिशत से कम नहीं बढाएगा। एमओएफ की पत्र संख्या 521/192/90-सीशु.टीयू दिनांक 12 मार्च 1992 के अनुसार, सीई प्रमाणपत्र, लेखाबही आदि जैसे दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

परिशिष्ट 2

परियोजना आयात योजना के अंतर्गत जोन वार सीमाशुल्क राजस्व

क. ***सीबीईसी (डीजीपीएम)***

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	कमिश्नरी	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	कुल
1	एसीसी(आयात), (दिल्ली)	1.31	2.13	2.25	17.61	23.87	47.17
2	आगरा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
3	अहमदाबाद	19.18	40.75	94.83	0.00	0.00	154.76
4	अहमदाबाद केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
5	एयरपोर्ट एंड एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स बैंगलौर	0.00	0.42	0.32	0.00	0.33	1.07
6	इलाहबाद	0.00	15.89	0.00	0.00	0.00	15.89
7	औरंगाबाद	0.00	0.00	2.61	36.47	28.35	67.43
8	बैंगलोर सीई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
9	भोपाल	0.00	2.67	28.70	24.99	14.39	70.75
10	चेन्नई केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
11	चेन्नई सीमाशुल्क	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
12	सिटी सीमा शुल्क, बैंगलोर	10.33	13.00	3.80	2.75	1.64	31.52
13	कोचीन सीमा शुल्क	0.00	0.00	11.81	72.81	303.54	388.16
14	कोयम्बटूर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
15	सीमा शुल्क कमीश्नरी, विशाखापत्तनम	300.28	170.65	224.76	76.05	90.20	861.94
16	सीमा शुल्क (निवारक), भुवनेश्वर	93.50	22.75	24.87	0.00	0.00	141.12
17	सीमा शुल्क कमिश्नरी, विजयवाड़ा	23.59	0.00	0.00	0.00	0.00	23.59
18	हैदराबाद	0.04	0.93	4.60	25.41	15.36	46.34
19	आईसीडी पटपड़गंज एंड अन्य आईसीडीएस (दिल्ली)	0.00	0.00	0.00	0.00	41.42	41.42
20	जयपुर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
21	जामनगर	0.00	0.00	0.00	0.00	2.67	2.67
22	जोधपुर	0.00	7.12	19.89	2.40	0.23	29.64
23	कांडला	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	कानपुर	19.58	1.51	17.34	0.30	3.86	42.59
25	कोलकाता केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
26	कोलकाता सीमा शुल्क	405.66	620.24	712.48	504.27	205.33	2447.98
27	लखनऊ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
28	लुधियाना	1.50	1.15	0.00	0.00	0.00	2.65

29	मैंगलुरू सीमा शुल्क कमिश्नरी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
30	मुंबई I सीई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
31	मुंबई II सीई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
32	मुंबई III सीमाशुल्क	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
33	मुंबई-I सीमा शुल्क	1078.93	934.02	597.54	288.86	162.96	3062.31
34	मुंबई-II सीमा शुल्क	458.16	452.28	508.43	263.76	217.24	1899.87
35	मुंद्रा	0.00	0.00	0.00	0.00	9.39	9.39
36	मैसूर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
37	नागपुर-I	0.00	7.51	21.81	10.03	4.95	44.30
38	नागपुर-II	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
39	नासिक-I	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
40	नासिक-II	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
41	नोएडा सीमा शुल्क	0.00	0.00	3.23	0.00	0.00	3.23
42	पटना	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
43	पुणे	10.54	0.00	0.00	0.00	0.00	10.54
44	रायपुर	0.00	16.17	17.90	2.45	25.91	62.43
45	शिलांग	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
46	तिरुचिरापल्ली	0.00	3.64	8.05	0.00	0.00	11.69
47	वडोदरा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
48	वर्धा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	2422.60	2312.83	2305.22	1328.16	1151.64	9520.45

ख. सीबीईसी वेबसाइट (*cbecddm.gov.in*)

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	कमिश्नरी	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15 (नवम्बर 14 तक)	कुल
1	मुंबई सीमा शुल्क जोन I	1081.62	934.02	597.54	194.68	2807.86
2	कोलकाता जोन	413.03	626.04	717.78	347.68	2104.53
3	मुंबई सीमा शुल्क जोन II	459.17	452.45	508.43	178.9	1598.95
4	चेन्नई सीमाशुल्क जोन	410.1	421.68	234.88	129.65	1196.31
5	विजाग जोन	519.96	183.33	242.06	45.77	991.12
6	अहमदाबाद सीमा शुल्क जोन	434.16	186.79	209.56	99.81	930.32
7	चेन्नई निवारक जोन	229.14	92.62	0.65	1.92	324.33
8	बैंगलोर जोन	169.23	74.38	41.37	20.2	305.18
9	भोपाल जोन	0	44.18	56.81	23.5	124.49
10	अन्य (15 जोन)	42.99	58.72	150.04	143.74	395.49
	परियोजना आयात से राजस्व का कुल योग	3759.40	3074.21	2759.12	1185.85	10778.6
	अखिल भारतीय सीमाशुल्क राजस्व	149328	165346	172033	--	

स्रोत:http://cbecddm.gov.in

ग. डीजी (प्रणाली और डाटा प्रबंधन)

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	पोर्ट का नाम	पोर्ट कोड	संगृहीत शुल्क				
	वर्ष		2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
1	अहमदाबाद एयर	आईएनएएमडी4	0.04	0.00	0.02	0.11	3.40
2	बैंगलोर एयर	आईएनबीएलआर4	1.44	2.11	3.96	0.87	5.46
3	बोम्बे सी	आईएनबीओएम1	448.17	518.68	365.03	190.30	113.19
4	बोम्बे एयर	आईएनबीओएम4	6.58	9.10	10.37	9.01	13.58
5	बड़ौदा आईसीडी	आईएनबीआरसी6	0.12	0.00	0.00	0.00	0.00
6	कोलकाता सी	आईएनसीसीयू1	300.92	409.02	466.29	323.58	104.18
7	कोलकाता एयर	आईएनसीसीयू4	2.54	5.65	3.74	0.92	1.39
8	कोचीन सी	आईएनसीओके1	0.00	0.00	2.79	36.58	227.70
9	कोचीन	आईएनसीओके4	0.00	0.00	0.00	0.43	4.79
10	दादराई-सीजीएमएल	आईएनसीपीएल6	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00
11	दिल्ली एयर	आईएनडीईएल4	1.19	1.64	1.58	15.17	12.08
12	नोएडा-दादरी आईसीडी	आईएनडीईआर6	0.00	0.00	0.36	0.00	0.00
13	डीघी (पुणे)	आईएनडीआईजी6	0.00	0.00	0.00	0.00	0.83
14	गंगावरम पोर्ट	आईएनजीजीवी1	1.44	0.18	1.86	0.00	0.00
15	गढ़ीहरसारू - आईसीडी	आईएनजीएचआर6	0.00	0.35	0.00	0.00	9.41
16	हैदराबाद एयर	आईएनएचवाईडी4	0.63	0.26	1.23	1.41	0.04
17	कांडला सी	आईएनआईएक्सवाई1	12.36	2.25	8.57	1.88	0.00
18	जयपुर	आईएनजेएआई4	0.00	0.80	1.26	0.13	0.21
19	काकिनाडा	आईएनकेएके1	23.59	0.00	0.00	0.00	0.00
20	कनकपुरा - जयपुर आईसीडी	आईएनकेकेयू6	0.00	5.66	11.96	2.39	0.00
21	कानपुर - जेआरवाई (आईसीडी)	आईएनकेएनयू6	0.00	0.00	2.49	11.56	3.51
22	कृष्णापट्टनम	आईएनकेआरआई1	0.00	0.00	0.12	0.22	0.02
23	कराईकल	आईएनकेआरके1	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	लुधियाना	आईएनएलडीएच6	0.75	0.62	0.00	0.00	0.00
25	चेन्नई सी	आईएनएमएए1	295.60	310.94	161.18	151.57	213.58
26	चेन्नई एयर	आईएनएमएए4	7.10	5.05	2.46	0.66	9.75
27	मण्डीदीप	आईएनएमडीडी6	0.00	2.37	16.91	24.60	14.39
28	मुलुंड	आईएनएमयूएल6	0.51	0.00	0.00	0.00	0.00
29	मुंद्रा	आईएनएमयूएन1	138.23	70.79	72.60	90.35	37.69
30	आईसीडी मालीवाडा	आईएनएमडब्ल्यूए6	0.00	0.00	1.25	4.96	2.48
31	नागपुर	आईएनएनजीपी6	0.00	4.33	14.95	9.40	3.75
32	मंगलौर सी	आईएनएनएमएल1	0.43	0.09	0.00	0.00	0.00
33	नहावाशेवा सी	आईएनएनएसए1	307.93	303.65	371.97	194.28	157.99
34	पीपावा (विक्टर)	आईएनपीएवी1	0.79	1.84	9.70	49.30	19.54
35	केएलपीपीएल-आईसीडी/ पंकी	आईएनपीएसके6	0.00	0.00	1.16	0.85	0.00
36	पटपड़गंज	आईएनपीपीजी6	0.26	0.14	0.60	0.65	3.43

क्र.सं.	पोर्ट का नाम	पोर्ट कोड	संगृहीत शुल्क				
	वर्ष		2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
37	पारादीप	आईएनपीआरटी1	127.55	38.87	70.28	1.26	0.05
38	पातली आईसीडी	आईएनपीटीएल6	0.00	0.00	0.00	0.00	0.43
39	रायपुर	आईएनआरएआई6	0.00	15.20	14.36	0.37	0.05
40	थार - आईसीडी	आईएनएसएयू6	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
41	साबरमती आईसीडी	आईएनएसबीआई6	0.00	9.11	0.24	0.68	0.00
42	हैदराबाद	आईएनएसएनएफ6	0.04	0.75	2.64	6.55	0.37
43	दादरी - एसटीटीपीएल (सीएफएस)	आईएनएसटीटी6	0.00	0.00	0.00	0.00	0.12
44	तुगलकाबाद	आईएनटीकेडी6	7.77	9.24	13.75	35.31	98.88
45	तूतीकोरिन सी	आईएनटीयूटी1	0.00	1.05	0.65	1.16	0.00
46	तूतीकोरिन आईसीडी	आईएनटीयूटी6	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
47	तोंडियारपेट आईसीडी चेन्नई	आईएनटीवीटी6	0.00	2.38	1.13	5.07	15.33
48	विजाग सी	आईएनवीटीजेड1	109.22	121.79	160.36	47.17	63.01
49	विशाखापत्तनम	आईएनवीटीजेड4	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
50	बैंगलोर आईसीडी	आईएनडब्ल्यूएफडी6	135.60	59.34	46.59	20.71	21.18
		कुल योग	**1930.81**	**1913.27**	**1844.39**	1239.44	**1161.78**

घ. वि.व. 12 से वि.व. 16 के दौरान परियोजना आयात योजना के तहत क्षेत्रवार आयात और अदा शुल्क

क्षेत्र	कुल आयत में शेयर (%)	शुल्क भुगतान में शेयर (%)
विद्युत क्षेत्र	64.04	29.72
सभी वस्तुएं (घरेलू परियोजनायें/ वस्तुएं	29.68	62.12
अन्य	6.28	8.16
कुल...	**100**	**100**

2011-12 से 2015-16 की अवधि के लिए परियोजना का श्रेणीवार सार

परियोजना की श्रेणी	क्षेत्र	निर्धारणीय मूल्य (₹)	अदा शुल्क	निर्धारणीय मूल्य में शेयर (% में)	शुल्क भुगतान में शेयर (% में)
सभी वस्तुएं	सभी वस्तुएं (घरेलू परियोजनायें/ वस्तुएं	2,16,31,50,87,669	49,19,46,86,490	29.68	62.12
बर्ज माउंटेड विद्युत संयंत्र	विद्युत क्षेत्र	15,26,73,864	3,19,71,477	0.02	0.04
कोयला खनन परियोजना	कोयला खनन	26,50,42,65,416	4,77,63,60,546	3.64	6.03
दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना	मेट्रो परियोजना	25,82,83,226	0	0.04	0.00
उर्वरक परियोजना	उर्वरक	8,34,99,35,215	1,27,16,01,562	1.15	1.61

परियोजना की श्रेणी	क्षेत्र	निर्धारणीय मूल्य (₹)	अदा शुल्क	निर्धारणीय मूल्य में शेयर (% में)	शुल्क भुगतान में शेयर (% में)
मेगा पावर परियोजनाओं के विस्तार हेतु आवश्यक वस्तुएं	विद्युत क्षेत्र	1,31,56,95,662	3,34,41,234	0.18	0.04
एलएनजी रीगैसीफिकेशन संयंत्र की परियोजनाओं हेतु आवश्यक वस्तुएं	एलएनजी	51,22,69,269	11,61,86,881	0.07	0.15
उच्च वोल्टेज विद्युत ट्रांसमिशन परियोजना	विद्युत क्षेत्र	1,42,16,18,640	30,05,83,293	0.20	0.38
आयरन ओर पेलेट प्रोजेक्ट्स	लौह अयस्क	1,33,56,30,831	26,15,22,223	0.18	0.33
धाबोल में एलएनजी विद्युत परियोजना	एलएनजी	8,74,37,344	0	0.01	0.00
मंडियों/वेयरहाऊसों में मशीनीकृत हैंडलिंग प्रणाली और पैलेट ट्रैकिंग प्रणाली	मंडियों में मशीनीकृत हैंडलिंग प्रणाली	65,04,77,459	3,57,90,417	0.09	0.05
मेगा विद्युत परियोजना	विद्युत क्षेत्र	97,13,01,52,501	1,42,16,386	13.33	0.02
मेगा विद्युत परियोजना – 1000 मेवा या अधिक के अंतरराज्यीय तापीय संयंत्र	विद्युत क्षेत्र	1,52,09,77,458	3,81,56,716	0.21	0.05
मेगा विद्युत परियोजना (1000 मेवा या अधिक की तापीय) (अन्य राज्य)	विद्युत क्षेत्र	2,09,16,00,11,203	3,30,61,946	28.70	0.04
मेगा विद्युत परियोजना (700 मेवा या अधिक की तापीय) * (जेएण्डके_पूर्वोत्तर राज्य)	विद्युत क्षेत्र	29,33,18,79,080	1,68,790	4.03	0.00
नेशनल ऑटोमोटिव टेस्टिंग एण्ड आरएण्डडी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट - नैट्रिप	नैट्रिप	1,91,03,47,559	0	0.26	0.00
440 या अधिक मेवा. वाले नाभिकीय विद्युत संयंत्र	विद्युत क्षेत्र	21,41,69,83,745	0	2.94	0.00
विद्युत उत्पादन परियोजना (गैस टर्बाइन सहित)	विद्युत क्षेत्र	68,31,65,35,544	14,86,09,31,563	9.37	18.76
विद्युत ट्रांसमिशन वितरण परियोजनाओं	विद्युत क्षेत्र	33,18,49,29,995	7,44,66,12,198	4.55	9.40
66 केवी और अधिक की विद्युत ट्रॉसमिशन परियोजनायें	विद्युत क्षेत्र	3,71,31,87,724	77,76,67,619	0.51	0.98
जल आपूर्ति परियोजना	जल आपूर्ति	4,30,40,61,841	36,32,165	0.59	0.00
जल आपूर्ति परियोजना (मानवीय/पशुओं की खपत के लिए)	जल आपूर्ति	1,81,94,38,852	7,29,607	0.25	0.00
कुल		7,28,71,18,80,096	79,19,73,21,114		

ड. वि.व. 12 से वि.व. 16 के दौरान कई निर्यातकों, निर्धारणीय मूल्य और संग्रहीत शुल्क की वर्षवार प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आयातकों की सं.	आयात का मूल्य	संग्रहीत कर
वि.व.12	257	44852	4066
वि.व.13	220	39765	3399
वि.व.14	214	31995	3364
वि.व.15	184	29875	2632
वि.व.16	196	22647	2204

स्रोत: राजस्व विभाग

परिशिष्ट 3

लेखापरीक्षा को प्रस्तुत न की गई फाइलों की सूची

क्र. सं.	आयातक का नाम (मै.)	परियोजना पंजीकरण	तिथि	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)
आईसीडी/टीकेडी, तुगलकाबाद				
1	लॉयड इन्सुलेशन	06/11	07.05.2011	4.56
2	एसआर पर्यावरण इंजी. (प्रा.) लिमिटेड	08/11	08.12.2011	2.51
3	लॉयड इन्सुलेशन	17/12	02.01.2012	2.67
4	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन	22/12	20.6.2012	7.94
5	देवभूमि	26/12	23.7.2012	4.22
6	भरत प्रेसीज़न इंस्ट्रूमेंट कंपनी	4/13	25.06.2013	1.01
7	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	8/13	17.09.2013	184.81
8	अजीत इंडिया इंटरप्राइजेज	01/14	1.03.2014	2.06
9	एबेल कोल्ड स्टोरेज़	04/14	01.03.2014	2.03
10	एसआर पर्यावरण इंजी. (प्रा.) लिमिटेड	09/14	22.04.2014	1.71
11	त्रिवेणी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड	10/14	28.04.2014	2.74
12	गैमन सीएमसी ज्वाइंट वेंचर	13/14	30.06.2014	19.30
13	हिम फ्रेश प्रोड्यूस कंपनी	16/14	08.01.2014	4.99
14	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	18/14	08.12.2014	35.14
15	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	19/14	27.08.2014	133.77
16	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	30/14	29.12.2014	46.00
17	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	1/15	01.08.2015	56.00
18	गैमन सीएमसी ज्वाइंट वेंचर	3/15	02.12.2015	15.41
19	फिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड	4/15	26.3.2015	6.40
20	दिल्ली मेट्रो रेल निगम सी/ओ कालिंदी वीएनसी.जेवी	6/15	25.06.2015	34.51
21	दिल्ली मेट्रो रेल निगम सी/ओ कालिंदी वीएनसी.जेवी	8/15	15.07.2015	29.75
22	अल्पाइन फ्रेश	9/15	08.03.2015	3.85
23	नोर ब्रेम्से प्रा. लिमिटेड	14/15	30.09.2015	10.52
24	सोमानी सेरेमिक्स प्रा. लिमिटेड	17/15	11.05.2015	22.38
25	दिल्ली मेट्रो रेल निगम	19/15	12.02.2015	27.74
26	एम जे कास्टिंग लिमिटेड	05/2011	2.05.2011	15.74
27	जय भारत	13/2011	25.11.2011	37.94
28	क्लासिक एग्रीकॉन	21/2012	21.05.2012	0.25
29	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन	23/2012	21.05.2012	6.64
30	अनुभूति एप्पल्स	28/2012	27.09.2012	0.68

क्र. सं.	आयातक का नाम (मै.)	परियोजना पंजीकरण	तिथि	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)
31	जय भारत मारुति लिमिटेड	3/2013	22.04.2013	9.00
32	कैलाश एग्रो प्राइवेट लिमिटेड	6/2013	4.09.2013	0.61
33	एबी रेफर एण्ड वेयरहाउसिंग (प्रा.) लिमिटेड	05/2014	17.01.2014	5.14
34	शहीन एग्रोफ्रेश (प्रा.) लिमिटेड	15/2014	22.07.2014	11.96
एसीसी नई दिल्ली				
1	इंड्यूर प्रा. लिमिटेड	32/1995	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
2	सेमी कंडक्टर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	24/1997	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
3	इलीकॉम टेक्नॉलाजी	04/ 2000	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
4	डीएमआर (रेलवे) लखनऊ डिवीज़न	18/1998	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
5	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन	08/2000	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
6	आई टेस्ट साल्यूशन	04/2007	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
7	नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन	04/2010	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
8	टीसी हेल्थ केयर	22/1995	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
9	इंड्यूर प्रा. लिमिटेड	01/2003	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
10	टेस्ली ग्रुप लिमिटेड	10/2006	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
11	पीसीआई लिमिटेड	05/2008	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
12	एनएचपीसी लिमिटेड	01/2000	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
13	एनबीसीसी लिमिटेड	03/2006	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
14	साहनी फिल्म्स	31/1995	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
15	सचिन्द्र इलेक्ट्रिक लिमिटेड	02/2003	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
16	यूईएम इंडिया लिमिटेड	09/2007	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
17	टेक्नों फैब इंजी. लिमिटेड	11/2000	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
18	टेक्नों फैब इंजी. लिमिटेड	22/2005	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
19	पीपीआई लिमिटेड	03/2008	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
20	दिल्ली इंटरनेशनल सोसायटी	08/2007	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
21	दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	06/2008	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
22	रेल कोच फैक्ट्री	02/2000	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
विशाखापत्तनम कमिश्नरी				
1	स्पेक्ट्रम कोल एण्ड पावर लिमिटेड	2012-13	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
